Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi
Ranchi ● Thuesday, 30 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 133 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-paper : e-paper.thephotonnews.com



# IPL 2023 FINAL : आखिरी गेंद तक रोमांच, जडेजा के चौके से CSK बनी चैंपियन, गुजरात को पांच विकेट से दी शिकस्त

## DLS नियम से मिली 171 रनों का लक्ष्य किया हासिल, धोनी की अगुवाई में पांचवी बार खिताब पर कब्जा

**AGENCY NEW DELHI :** चेन्नई सुपरकिंग्स ने गत विजेता गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर आइपीएल 2023 की चमकीली ट्राफी अपने नाम कर ली। यह चेन्नई का पांचवां खिताब है। टास जीतकर चेन्नई का पहले गेंदबाजी का निर्णय सही साबित हुआ। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 214 रन बनाए थे, लेकिन वर्षा के कारण चेन्नई को डकवर्थ लुइस प्रणाली के तहत 15 ओवर में 171 रनों का लक्ष्य मिला। चेन्नई ने पांच विकेट गंवाकर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया।

पिछले सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स नौवें स्थान पर रही थी, लेकिन इस बार लीग में दूसरे स्थान पर रही चेन्नई ने लगातार पहले क्वालीफायर और फिर फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर ट्राफी अपने नाम कर ली। यह पहली बार है जब आइपीएल का फाइनल रविवार को शुरू हुआ और मैच का निर्णय मंगलवार को आया। रविवार को वर्षा के कारण टास तक नहीं हो सका था। मैच को रिजर्व डे सोमवार को रखा गया, लेकिन पहली पारी के बाद एक बार फिर वर्षा ने मैच को बाधित कर दिया था।

**15 ओवर में बनाए 171 रन :** रिजर्व डे के दिन खेले गए फाइनल मुकाबले में धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 214 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 47 गेंदों पर 96 रन बनाए। बारिश के कारण चेन्नई को 15 ओवर में 171 रन का टारगेट में मिला। टीम ने इसे 5 विकेट खोकर 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया।

**नूर अहमद ने झटके 2 विकेट :** गुजरात से नूर अहमद ने 2 विकेट लिए। उन्होंने पहले ही ओवर से चेन्नई के बैटर्स पर दबाव बनाया। उन्होंने अपने दूसरे ओवर में ऋतुराज गायकवाड और डेवोन कॉन्वे को पवेलियन भेजा। उन्होंने अपने 3 ओवर के स्पेल में महज 17 ही रन दिए।

**4 ओवर के पावरप्ले में फिफ्टी पार्टनरशिप :** 15 ओवर में 171 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी चेन्नई को डेवोन कॉन्वे और ऋतुराज गायकवाड ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने 4 ही ओवर में टीम का स्कोर 52 रन कर दिया। ओवर कम होने के बाद पावरप्ले भी 4 ही ओवर का कर दिया गया।




### धोनी ने खेला 250वां मैच

धोनी का यह आईपीएल में 250वां मैच है, वह ऐसा करने वाले पहले ही खिलाड़ी बने। उनके बाद रोहित शर्मा ने 243 और दिनेश कार्तिक ने 242 मैच खेले हैं।

### करीब 25 मिनट चली क्लोजिंग सेरेमनी

आईपीएल की क्लोजिंग सेरेमनी डीजे न्यूक्लेया की परफॉर्मेंस के साथ शुरू हुई। न्यूक्लेया के बाद रैपर किंग ने 'मान मेरी जान' और 'तू आ के देख ले' जैसे गानों की परफॉर्मेंस दी। करीब 25 मिनट तक क्लोजिंग सेरेमनी चली। पहली पारी खत्म होने के बाद विवियन डिवाइन ने भी 10 मिनट तक स्टेडियम के बीच परफॉर्मेंस दी और दर्शकों ने इस मैच के साथ-साथ संगीत का भी लुत्फ उठाया।

**चेन्नई के खिताब : 2010, 2011, 2018, 2021, 2023**

### NUMBER GAME

**05** ट्राफी सिर्फ मुंबई और चेन्नई ने जीती हैं
**250वां** आइपीएल मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने महेंद्र सिंह धौनी
**890** रन बनाने वाले शुभमन गिल ने जीती आरेंज कैप
**28** विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी को मिली पर्पल कैप
**36** छक्के लगाए फाफ डुप्लेसिस ने इस सत्र में सबसे ज्यादा
**12** शतक लगे इस सत्र में, जो आइपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रहे

### बारिश के कारण 2 घंटे तक खेल रुका

9 :20 बजे पहली पारी खत्म होने के बाद दूसरी पारी आधे घंटे की देरी से शुरू हुई। बीच में 10 मिनट तक आर्टिस्ट विवियन डिवाइन ने परफॉर्म किया। इस कारण दूसरी पारी 20 मिनट की देरी से 9 :55 बजे शुरू हुई। लेकिन 3 गेंद बाद ही बारिश आ गई। बारिश 15 मिनट ही हुई, लेकिन ग्राउंड गीला होने के कारण रात 12 :10 बजे दूसरी पारी शुरू हुई। 5 ओवर कम हुए और चेन्नई को 15 ओवर में 171 रन का टारगेट मिला।





**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,846.38 |
| निफ्टी | : | 18,598.65 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,710 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक गंभीर

**RANCHI :** नामकुम के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में सोमवार सुबह ट्रक और बाइक के बीच हुई टक्कर में दो युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर है । ओपी प्रभारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नामकुम के महुआटोली निवासी गौतम महली (19) और एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हुंडरु निवासी आकाश कच्छप (23) के रुप में की गयी है। जबकि घायल विकास लिंडा एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हुंडरु का रहने वाला है।

**जांच एजेंसियों ने तोरपा व रनिया के कई गांवों में छापेमारी की**

# पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए की टीम ले गई खूंटी

**PHOTON NEWS, KHUNTI :** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप ने पूछताछ के दौरान नक्सली संगठन से जुड़ी कई अहम जानकारियां एनआईए को दी है। इसी के आधार पर एनआईए आगे की जांच कर रही है।

एनआईए की टीम ने सोमवार को दिनेश गोप को खूंटी जिले के रनिया इलाके में ले गई है, जहां पर उसके बेस कैंप की जानकारी जुटाने और छिपे हथियार बरामद करने की तैयारी है। पूछताछ के दौरान दिनेश गोप ने बताया था कि भारी मात्रा में रनिया इलाके में हथियार डंप किया हुआ है, लेकिन किस जगह पर डंप किया हुआ है, इसकी सटीक जानकारी नहीं है। फिलहाल एनआईए की टीम पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को खूंटी ले जाकर नक्सली गतिविधियों को ध्वस्त करने में जुटी हुई है।


गिरफ्तार दिनेश गोप को ले जाते पुलिसकर्मी। द फोटोन न्यूज

मूल रूप से झारखंड के खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र के लापा मोरहाटोली निवासी दिनेश गोप के निशानदेही पर जांच एजेंसियों ने तोरपा व रनिया के कई गांवों में छापेमारी की गयी। इसमें एनआईए की टीम ने डिग्री तथा कोटांगेर गांव से 700 पीस गोली व मरचा के बोंगदा से पिस्टल टाइमर बरामद किया गया। साथ ही विस्फोटक के साथ अन्य सामग्री हाथ लगी है। वही गरई में बने विद्या विहार स्कूल में भर्मण कराया गया। इन दौरान जैसे ही एनआईए की टीम तथा स्थानीय पुलिस का काफिला रनिया रोड में घुसा तो ग्रामीण देखने के लिए उतावले हो गए थे।

**उग्रवादियों के पास से पुलिस को चार देसी हथियार, छह गोली समेत अन्य सामग्री बरामद हुआ**

# लातेहार में हथियार के साथ TSPC के छह कुख्यात उग्रवादी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS, LATAHAR :** पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र के तीनमुहान टोंगरी के पास छापामारी कर तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी (टीएसपीसी) के छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में मुकेश यादव,मुकेश कुमार यादव,अवधेश यादव,प्रभात यादव (सभी पलामू निवासी),भीम पासवान और नन्दू शर्मा (दोनों लातेहार) शामिल है। उग्रवादियों के पास से पुलिस को चार देसी हथियार, छह गोली समेत अन्य सामग्री बरामद हुआ है।


गिरफ्तार उग्रवादियों के साथ पुलिसकर्मी। द फोटोन न्यूज

एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के कुछ नक्सली मनिका थाना क्षेत्र के डोकी-बरवही तीनमुहान के पास पहाड़ी पर जमे हुए हैं और किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के बाद पुलिस की एक टीम गठित की गई और चिन्हित इलाके की घेराबंदी कर छापामारी की गई। वहां से छह लोगों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। जांच के क्रम में इनके पास से चार हथियार और छह गोलियां बरामद की गई। पूछताछ के बाद गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान टीएसपीसी के नक्सली के रूप में की गई।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों पर पहले भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में उग्रवादी घटनाओं को लेकर मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी उग्रवादी मुख्य रूप से क्षेत्र में दहशत बनाकर लोगों को डराने का काम करते थे।

# मोदी के नेतृत्व में विकास की नयी कहानी लिख रहा है देश : ARJUN MUNDA

**AGENCY RAIPUR**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी में यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों को बेमिसाल बताया। मुंडा ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा किया और इस भरोसे ने 2014 से 2023 के नौ वर्षों की कालावधि में देश को शांति, समृद्धि और विकास की स्पीड और स्केल भी दिखाई है।



कार्यक्रम में लोगों व पत्रकारों को संबोधित करते अर्जुन मुंडा। ● द फोटोन न्यूज

मुंडा ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों एवं पत्रकारों से कहा कि कभी दिल्ली से भेजा एक रुपया गरीबों तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसे ही रह जाता था। आज दिल्ली से चला 100 रुपये पूरा का पूरा गरीबों तक पहुंच रहा है। मुंडा ने कहा कि पोलियो, टिटनस और बीसीजी टीकों के लिए सालों मोहताज रहने वाले देश में प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्गम इलाकों तक ड्रोन के जरिए वैक्सीन पहुंचवाई और रिकॉर्ड समय में लाखों लोगों का कोविड वैक्सीन टीकाकरण कराया। केन्द्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत ने कोविड के दो स्वदेशी टीके न केवल विकसित किए, अपितु कई देशों को जीवनरक्षक दवाओं की आपूर्ति की।

## गरीबों के लिए आवास निर्माण की ऐसी क्रांति

मुंडा ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में गरीबों के लिए आवास निर्माण की ऐसी क्रांति पहले कभी नहीं दिखी। घर-घर शौचालयों से महिलाओं के साथ अपराधों में और उनकी बीमारियों में तो कमी आई ही, साथ ही पर्यावरण को भी लाभ हुआ है। मुंडा ने बताया कि 12 करोड़ घरों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। गरीबों को 1121 लाख मीट्रिक टन निःशुल्क अनाज मिलने और वन नेशन-वन राशन कार्ड से हर महीने 3.5 करोड़ से ज्यादा परिवारों के लाभान्वित होने की जानकारी भी मुंडा ने दी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के कष्ट को अनुभव कर उनकी समुचित चिकित्सा के इंतजाम किए। बीमारी और इलाज से होने वाली समस्याओं और उनके आर्थिक परिणामों से गरीब अब भयमुक्त हैं। सेनेटरी पैड, सस्ती दर पर जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके केन्द्र सरकार ने आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख रुपये तक के इलाज को निःशुल्क किया।

## खाद की सब्सिडी बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपये

मुंडा ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने किसानों की भलाई के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। खाद की सब्सिडी बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपये कर दी। फसल बीमा के अंतर्गत 1.4 लाख करोड़ के किसान-दावों का भुगतान हुआ। माइक्रो इरीगेशन, सूक्ष्म सिंचाई के जरिए पैदावार बढ़ाने का काम इन नौ वर्षों में तेजी से हुआ है। किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की सम्मान निधि देना देश के किसानों के परिश्रम का सम्मान है। मुंडा ने कहा कि केन्द्र की सरकार ने अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में समाज के हर अंग को, हर वर्ग को उसका अधिकार व सम्मान प्रदान किया।

केन्द्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि पिछले नौ साल में मोदी सरकार ने हवाई यात्रा की सुविधाओं का विस्तार किया। 2014 तक प्रतिदिन 12 किलोमीटर की रफ्तार से बन रहे हाइवे अब प्रतिदिन 40 किलोमीटर की रफ्तार से बन रहे हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें इन नौ वर्षों में दुगुनी बनी हैं। रेल सुविधाओं में विस्तार की चर्चा करते हुए मुंडा ने कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है और जल्द ही यह जापान व दक्षिण कोरिया को पीछे छोड़ देगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा का बजट तीन गुना बढ़ाना और एक सुविचारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम लाना इस सरकार की शिक्षित समाज-रचना की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## देश में डिजिटल क्रांति

केन्द्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि अटल सुरंग ने भारतीय सेना की आसान और तेज आवाजाही सुनिश्चित कर भारत की सुरक्षा को बढ़ाया है। जन-धन खातों में 1.90 लाख करोड़ रुपये जमा हुए तो 4.7 करोड़ डुप्लीकेट फर्जी राशन कार्ड और 4.14 करोड़ फर्जी एलपीजी कनेक्शन भी रद्द हुए। आज भारत डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। दुनिया के टोटल डिजिटल पेमेंट का 40 प्रतिशत ट्रांजेक्शन भारत में हो रहा है।

विधायक अंबा प्रसाद ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्या

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ही कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य : अंबा प्रसाद

**PHOTON NEWS RAMGARH**

विधायक अंबा प्रसाद ने पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को जनता दरबार लगाकर दर्जनों ग्रामीणों की समस्याएं सुनी इस दौरान पतरातू स्थित आवास में प्रखंड क्षेत्र तथा जिले के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से विधायक ने मुलाकात कर बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुनी।



ग्रामीणों की फरियाद सुनती विधायक अंबा प्रसाद। ● द फोटोन न्यूज

विधायक अंबा प्रसाद ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करा दिया। बाकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिए। मौके पर कई लोगों ने बिजली, पानी, सड़क तथा अन्य महत्वपूर्ण मामलों से जुड़ी समस्याओं से विधायक अंबा प्रसाद को अवगत कराया।

इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आम जनमानस के सीधे संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को सुनने व समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा की ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए ही प्रत्येक सोमवार को पतरातू स्थित आवास में जनता दरबार लगाया जा रहा है, लोगों को मुझसे मिलने में दिक्कत ना हो इसलिए मैं खुद ही उनके नजदीक पहुंचने का कार्य कर रही हूं। सप्ताह के सातों दिन विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम पूर्व से तय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ही कांग्रेस का उद्देश्य है। हर हाल में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होगा।

मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अंजन प्रसाद, जयंत तुरी, सम्स खान, अजय पासवान, मो हसीब, मो नईम समेत कई लोग मौजूद थे।

# महिला पहलवानों के साथ हुई बदसलूकी पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

**AGENCY NEW DELHI**

रविवार को महिला पहलवानों के साथ हुई बदसलूकी और शाहबाद डेयरी में नाबालिग लड़की की हत्या पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा कि केन्द्र सरकार बेटी नहीं बल्कि बेटी के साथ अपराध करने वालों को बचाती है।



मीडिया को संबोधित करती अलका लांबा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

सोमवार को प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेता अलका लांबा ने कहा कि पदक जीतकर देश का सीना गर्व से चौड़ा करने वाली साक्षी मलिक को दिल्ली पुलिस द्वारा घसीटा गया। जिसे जेल में होना चाहिए था, वो संसद भवन में बैठा है। जिन्हें संसद भवन के परिसर में मेहमान के तौर पर बैठना चाहिए था, उन्हें पूरा दिन हिरासत में रखा गया।

उन्होंने कहा कि ये सरकार बेटियों को नहीं, बेटी के साथ अपराध करने वालों को बचाती है। भाजपा अपराधियों को हिम्मत देने का काम कर रही है। भाजपा के एक अपराधी सांसद को बचाने के लिए पूरा तंत्र लगा है और पुलिस प्रशासन उन्हें संरक्षण देने का काम रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने कहा कि महिला पहलवानों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। हमारे पहलवान एक महीने से अधिक समय से राजधानी में धरना दे रहे हैं। जब हमारी बेटियां सम्मान पाती हैं तो मोदी जी उनके साथ फोटो खिंचवाते हैं, लेकिन आज खामोश हैं। हमारी बेटियां मदद के लिए रो रही हैं। प्रधानमंत्री को अब अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।

# 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड और लोकतंत्र को मजबूत बनाये रखा : कांग्रेस

**PHOTON NEWS RANCHI**

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड और लोकतंत्र को मजबूत रखा। पाकिस्तान की तरह यहां सैनिक शासन नहीं लगने दिया। इसलिए यहां सरकारें बनती है और बदलती है और वर्तमान सरकार अगर बनी तो इसलिए बनी है। क्योंकि देश में लोकतंत्र की जड़े मजबूत रही है।



मीडिया को जानकारी देते राकेश सिन्हा। ● द फोटोन न्यूज

सिन्हा सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरल बीके सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इन नौ सालों में जितनी बेरोगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न के मामले बढ़े है।

देश की बेटी ने सत्ता पक्ष के सांसद के उपर यौनशोषण का आरोप नौ सालों में ही लगा है। देश की अर्थव्यवस्था इन नौ साल में पूरी तरह चरमरा गई है, जहां तक 70 सालों की बात है, राज्यमंत्री को शायद जानकारी का आभाव है तो कुछ जानकारी दे दूं, ऐसे उपलब्ध्यिों की सूची बहुत लंबी है।

नेहरु के शासन काल में इसरो, तारापुर अणुशक्ति, आईआईएम, आईआईटी, भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर, सरदार सरोवर, भाखड़ा नांगल बांध, एशियन गेम्स की मेजबानी जैसे कई बड़े काम किए गए। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बीएसएफ की स्थापना, डेयरी विकास, पाकिस्तान पर विजय के साथ ही जय जवान जय किसान के स्लोगन से देश की तस्वीर बदलने का काम किया था। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने, मिसाइल टैंक से लैस करने, पाकिस्तान को विभाजित करने के साथ-साथ देशहित में कई बड़े फैसले लेने के लिए याद की जाती है।

# नेशनल कॅरियर सर्विस पोर्टल निरंतर हो रहा है लोकप्रिय : मंत्री भूपेंद यादव

**AGENCY BHOPAL**

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों और निर्धनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। नेशनल कॅरियर सर्विस पोर्टल में सवा तीन करोड़ पंजीयन हुए हैं। इसमें आवेदक अलग-अलग बार भी पंजीयन करवाने के लिए पात्र होते हैं। इन पंजीयन में से एक करोड़ 30 लाख का मोबेलाइजेशन किया गया है। करीब पांच लाख एक्टिव वेकेन्सीस की जानकारी सामने आई है। यह पोर्टल निरंतर लोकप्रिय हो रहा है और देश में रोजगार के लिए पुल का कार्य कर रहा है। मेगा जॉब फेयर इसी श्रंखला की कड़ी है।

केन्द्रीय मंत्री यादव सोमवार को भोपाल प्रवास के दौरान यहां औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) गोविंदपुरा में मेगा जॉब फेयर एवं श्रमिक चौपाल को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। जॉब फेयर में विभिन्न संस्थान द्वारा 640 नियुक्तियां दी गई। मुख्यमंत्री चौहान और केन्द्रीय मंत्रीयादव ने मेगा जॉब फेयर एवं श्रमिक चौपाल को उपयोगी बताते हुए चयनित आवेदकों को बधाई दी। चयनित आवेदकों को ऑफर लेटर एवं योजनाओं के स्वीकृति-पत्र का वितरण भी किया गया।

केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कॅरियर सर्विस पोर्टल में करीब 11 लाख एम्प्लायर रजिस्टर्ड हैं।

## प्रदेश भाजपा ने RANCHI मुख्यालय में किया मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# MODI सरकार के नौ वर्षों की गिनाई उपलब्धियां

**PHOTON NEWS RANCHI**

प्रदेश भाजपा ने सोमवार को मुख्यालय रांची में मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित कर मोदी सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सड़क, परिवहन, राजमार्ग एवं उड्डयन राज्य मंत्री ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मोदी सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों को आंकड़ों में प्रस्तुत किया।

मीडिया संवाद को संबोधित करते हुए जनरल वीके सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी देश की प्रगति में उसके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र के बदलाव महत्वपूर्ण होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में देश गति के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि अपने पहले कार्यकाल से ही मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को ही देश कल्याण का आधार बनाया। गरीबों के लिए बुनियादी ढांचा का निर्माण, 80 करोड़ गरीबों को खाद्य सुरक्षा, दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण, 3 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया। पीएम किसान योजना के अंतर्गत 11.39 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 11.72 करोड़ शौचालय का निर्माण, 9.6 करोड़ गैस सिलेंडर का वितरण, मातृत्व अवकाश में वृद्धि, तीन तलाक कानून की समाप्ति जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जो महिलाओं की गरिमा, जीवन की सुगमता और उद्यमिता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहे हैं।



मीडिया संवाद में बोलते केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना बनी। 23.3 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 10.74 करोड़ परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिली। 4.54 करोड़ लोगों का मुफ्त इलाज हुआ। देश में 23 एम्स बने, जबकि मेडिकल सीट बढ़कर 1,52,129 हो गई। कोविड प्रबंधन ने दुनिया के समक्ष भारत की नई पहचान दी। केवल देश में 220 करोड़ मुफ्त खुराकें ही नहीं दी गई, बल्कि कई देशों को भारत ने मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि स्किल मीडिया मिशन के तहत भारत की युवा शक्ति दुनियां के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्र प्रथम विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा पर अटल है। भारत ने जी 20 बैठकों में समावेशी सतत, हरित विकास एवं पर्यावरण के प्रति भारत के संकल्प को उजागर किया। भारत आज वैश्विक आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है। भारत की अर्थव्यवस्था चीन और अमेरिका से भी ज्यादा तेज बढ़ रही, पिछले 9 वर्षों में भारत में 532 मिलियन डॉलर का एफडीआई आया जो 162 देशों के माध्यम से हुआ। ये निवेश भारत के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हुए। इसका सीधा अर्थ है कि भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि भारत आज रक्षा उपकरण का निर्यात कर रहा है। रोजगार पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 9 वर्षों में 36 लाख करोड़ मुद्रा लोन दिए गए, जिसके माध्यम से 30 लाख लोगों को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में नया सवेरा आया है। ये राज्य तेजी से विकास की मुख्य धारा से जुड़े हैं। सतत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता भारत आज सांस्कृतिक विरासत को भी पुनर्स्थापित कर रहा। राम मंदिर का निर्माण, महाकाल कॉरिडोर, काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनरुद्धार जैसे महत्वपूर्ण कार्य इसकी गरिमा को बढ़ा रहे। जबकि अनुच्छेद 370 की समाप्ति ने भारत की राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि 9 वर्षों के कार्य सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का प्रमाण है। भाजपा सरकार तुष्टिकरण नहीं, बल्कि सशक्तिकरण पर भरोसा करती है। केंद्र सरकार को यह कार्य करने का अवसर भारत की जनता ने दिया है, जिन्हें अपने प्रधानमंत्री से अथाह प्रेम है और अटूट विश्वास है। जनता जानती है कि प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में देश हर तरह से सुरक्षित है।

## BRIEF NEWS

### भाजपा की बैठक में एक महीने तक होनेवाले कार्यक्रमों पर चर्चा




बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

**KHUNTI :** भाजपा के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में भाजपा के 30 मई से 30 जून तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में विचार विमर्श किया गया और इसे सफल बनाने का निर्णय लियाग या। बैठक में खूंटी जिले के सातों मोर्चा के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू और प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मां भारती और पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि देकर किया गया। पवन साहू ने सभी मोर्चा के अध्यक्ष और महामंत्रियों को 30 मई से लेकर 30 जून तक होनेवाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी और मोर्चा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बिनोद नाग तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने किया।

### मंत्री जनरल वीके सिंह से भाजपा नेताओं ने की मुलाकात

**RANCHI :** केन्द्रीय सड़क, परिवहन, राजमार्ग एवं उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह से सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मुलाकात की। बताया जाता है कि नेताओं में अनौपचारिक बातचीत हुई है।

### मोदी सरकार के 9 साल पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर का भाजपा पर हमला



राजेश ठाकुर की फाईल फोटो।

**RANCHI :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने केन्द्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। गरीब व्यक्ति और गरीब हो रहा है। कांग्रेस नेता ने सोमवार को बातचीत में कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार नौ वर्ष में हर मोर्चे पर विफल रही है। महिला, दलित, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं। मोदी सरकार पिछले नौ सालों में संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। साथ ही उसका दुरुपयोग विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ कर रही है। कोरोना काल में भी मोदी सरकार के अचानक लॉकडाउन के फैसले से लाखों लोग घर जाने के लिए मजबूर हुए। कोरोना के कारण 40 लाख लोगों की मौत के बाद उनके परिजनों को मुआवजा देना बंद कर दिया।

### प्रधानमंत्री ने मैसूर और धनबाद हादसों पर जताया दुख, मुआवजे की घोषणा



पीएम नरेन्द्र मोदी की फाईल फोटो।

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को मैसूर और धनबाद में हुए हादसों पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। साथ ही प्रधानमंत्री ने दोनों त्रासदियों में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, कर्नाटक के मैसूरु में हुए दर्दनाक हादसे से गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पीएमओ ने एक अन्य ट्वीट में कहा, धनबाद में हुए हादसे में जनहानि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक अन्य ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री ने मैसूर और धनबाद की त्रासदियों में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### राष्ट्रपति ने मैसूर सड़क हादसे पर जताया गहरा दुख



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फाईल फोटो।

**NEW DELHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कर्नाटक के मैसूर में हुए सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्ति करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट कर कहा, मैसूर में एक सड़क दुर्घटना में बच्चों सहित लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

### अध्यादेश मामले पर आप को कांग्रेस का साथ मिलना मुश्किल

**NEW DELHI :** कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी के केन्द्र के अध्यादेश के मसले पर उसका साथ शायद नहीं देगी। पार्टी की पंजाब और दिल्ली इकाई ने पार्टी हाईकमान को ऐसा नहीं करने का सुझाव दिया है। इस संबंध में पंजाब और दिल्ली इकाई की राय जानने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वहां के नेताओं को बुलाया था। सूत्रों के मुताबिक आज बैठक में दोनों इकाइयों के नेताओं ने विरोध में अपनी राय रखी है। इनका कहना है कि आप भाजपा की बी टीम है और पार्टी ने कांग्रेस के हितों को हर जगह प्रभावित किया है। हालांकि अंतिम निर्णय से पहले खड़गे अन्य राज्यों के पार्टी नेताओं से भी विमर्श करना चाहते हैं। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज हमने इस पर दिल्ली और पंजाब के नेतृत्व के साथ चर्चा की। उन्होंने अपनी चिंताओं और विचारों को रखा है और निश्चित रूप से हम आने वाले दिनों में अंतिम निर्णय लेंगे। पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मिलने का समय मांगा था। मुख्यमंत्री केजरीवाल वर्तमान में केन्द्र के नियुक्ति और स्थानांतरण विषय पर दिल्ली के उपराज्यपाल को अंतिम अधिकार देने के अध्यादेश के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं। इसके लिए वे देशभर के नेताओं से मिल रहे हैं और उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष व पार्टी नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात का समय मांगा है। केजरीवाल चाहते हैं कि केन्द्र का लाया अध्यादेश राज्यसभा से पारित न हो। पंजाब के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा और नवजोत सिंह सिद्धू भी बैठक में शामिल थे। इनका कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने हमारी राय जानने के लिए हमें आमंत्रित किया था। हमने अपनी राय रख दी है। सिद्धू ने बैठक के बाद कहा कि जहां वैचारिक मतभेद हैं, वहां गठबंधन नहीं हो सकता।

BRIEF NEWS

## झारखंड वॉलीबॉल संघ के सदस्य इंद्रदेव राम का निधन

**RANCHI :** झारखंड वॉलीबॉल संघ के सदस्य और रांची विश्वविद्यालय के खेल विभाग में पदस्थापित इंद्रदेव राम का ईलाज के क्रम में रविवार रात निधन हो गया। राम विगत कई वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर काफी परेशानियों से जूझ रहे थे। उनके निधन पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव, शेखर बोस सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के अन्य सभी सदस्यों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

## झारखंड बोर्ड 31 मई को जारी करेगा आर्ट्स-कॉमर्स का रिजल्ट

**RANCHI :** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) 12वीं कॉमर्स और आर्ट्स स्ट्रीम का रिजल्ट 31 मई को घोषित करेगा। जैक बोर्ड की ओर से रिजल्ट जारी करने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। झारखंड इंटर 12वीं आर्ट्स और कॉमर्स का रिजल्ट 2023 की घोषणा आधिकारिक वेबसाइट्स जारी की जाएगी। जेएसी रिजल्ट 2023 को चेक और डाउनलोड करने के लिए छात्रों को अपने रोल नंबर, जन्म तिथि और स्कूल कोड समेत अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साथ में रखने होंगे। उल्लेखनीय है कि 23 मई को जैक ने मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी किया था। मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की थी।

## सर्वजन पेंशन योजना से जुड़े 23 लाख लाभुक

**RANCHI :** झारखंड में सर्वजन पेंशन योजना से लाभुकों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इस योजना के अंतर्गत 18 वष से सभी विधवा माताओं एवं बहनों को प्रति माह एक हजार रुपये सम्मान राशि का भुगतान सरकार के द्वारा किया जा रहा है। महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार राज्य में अभी सर्वजन पेंशन में लाभुकों की संख्या 9 लाख से बढ़कर 23 लाख तक हो चुकी है। ऐसे में महज कुछ वर्षों में ही इस योजना का बड़ी संख्या में महिला व बहनें प्राप्त कर रही हैं। इसी तरह, विगत तीन वर्षों में महिला सशक्तीकरण पर फोकस करते हुए सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से कक्षा आठवीं से 12वीं के छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से 40 हजार रुपये की राशि सीधे खाते में दी जा रही है।

## कॉस्ट शेयरिंग नहीं होने की वजह से आरओबी निर्माण की योजना होगी डिलीट

**RANCHI :** कॉस्ट शेयरिंग नहीं करने की वजह से सीसीएल के एलसी नं.10, 13 व 14 में स्वीकृत आरओबी व बीसीसीएल के रोड में स्वीकृत एलसी नंबर 2बी, इटी आरओबी निर्माण की योजना ठप हो सकती है। इन आरओबी को रेलवे की ओर से कॉस्ट शेयरिंग बेसिस पर स्वीकृत किया गया था। कॉस्ट शेयर झारखंड सरकार को करना था। लेकिन बाद झारखंड सरकार ने कॉस्ट शेयरिंग करने से इंकार कर दिया। इसके बाद रेलवे ने सीसीएल व बीसीसीएल से शेयरिंग के लिए अनुरोध किया, लेकिन अभी तक उधर से रेलवे को कोई सूचना नहीं दी गयी। इधर, इन आरओबी के बारे में जानकारी पथ निर्माण सचिव ने अधिकारियों से हासिल किया। रेलवे की ओर कहा गया कि अगर जल्द इस पर निर्णय नहीं लिया जायेगा तो इन योजनाओं को डिलिट कर दिया जायेगा और रेलवे के पिंक बुक में दर्ज कर दिया जाये। भविष्य में अगर कोई अनुशंसा फिर रेलवे को आरओबी की सीसीएल, बीसीसीएल से आयेगा तो फिर आगे वर्तमान आरओबी के निर्णय के आधार पर ही कार्रवाई की जायेगी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### शिक्षा सचिव के साथ झारखंड प्रदेश संयुक्त मोर्चा की हुई बैठक

# 7 मुद्दों पर सहमति, स्कूलों की समय-सारणी में होगा बदलाव

**PHOTON NEWS RANCHI :** सरकार द्वारा संचालित स्कूलों की समय सारणी में बदलाव किये जायेंगे। समय में परिवर्तन को लेकर शिक्षा सचिव और झारखंड प्रदेश संयुक्त मोर्चा के बीच सहमति बनी। सोमवार को सचिव के रवि कुमार की ओर से बुलाई गयी बैठक में शामिल होकर मोर्चा के पदधारियों ने समस्याएं रखीं। बैठक में 7 बिंदुओं पर सहमति बनी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा के आमंत्रण पर मोर्चा के सदस्य 29 मई, 2023 को बैठक में शामिल हुए। उक्त बैठक में विद्यालय की समय सारणी के अनुरूप वार्षिक कैलेंडर निर्माण पर शिक्षक प्रतिनिधियों की राय पर सहमति बनी। कहा गया कि प्रत्येक शनिवार को विद्यालय स्तर पर बैगलेस डे के रूप में संचालित किया जा सकता है। मध्याह्न भोजन का समय प्रातः कालीन विद्यालय में 10.20 बजे और दिवाकालीन में 12.20 बजे निर्धारित किया गया है।


झारखंड प्रदेश संयुक्त मोर्चा के साथ बैठक करते शिक्षा सचिव ● फोटोन न्यूज

सचिव ने राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विकास कोष की राशि से स्वच्छ पेयजल व्यवस्था अथवा अन्य विकास के कार्य कराने के निर्देश दिये। मोर्चा द्वारा राज्य के मध्य विद्यालयों में विकास कोष की राशि बढ़ाने की मांग की गई। सचिव ने इस पर अपनी सहमति जताते हुए विकास कोष की राशि बढ़ाने की बात कही।

ई-विद्यावाहिनी के नये वर्जन 2.2.6 में मैनुअल व्यवस्था को पुनः बहाल करने की मांग पर सचिव ने असहमति जतायी। फलस्वरूप मोर्चा ने विभाग को उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के माध्यम से लीगल नोटिस भेजने का निर्णय लिया है। मोर्चा का कहना है कि जेईपीसी निदेशक द्वारा 13 अप्रैल, 2023 का जारी आदेश झारखंड आधार आधारित बायोमेट्रिक नियमावली-2015 के नियमों का उल्लंघन है। उक्त आदेश नियमावली के अनुरूप विभागीय क्षेत्राधिकार के बाहर है।

बैठक में सचिव के रवि कुमार, प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा, उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) शिवेंद्र कुमार, झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरुण कुमार दास, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अनूप केसरी, वीनू विनीता, मिताली सरकार, बेतूल सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में विद्यालय की समय सारणी और वार्षिक कैलेंडर पर चर्चा हुई। तय हुआ कि स्कूल का प्रातः कालीन समय पूर्वाह्न 7 बजे से अपराह्न 1 बजे तक होगा। दीवाकाल में पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक ही विद्यालय का संचालन किया जाएगा। सप्ताह में 2 दिन दो लगातार पीरियड में खेल की घंटी आयोजित की जायेगी।

### इन बिंदुओं पर बनी सहमति

- विभाग द्वारा जारी समय सारणी में 1 घंटा अतिरिक्त विद्यालय में रहने संबंधी बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है।
- खेलकूद के अतिरिक्त समय को शैक्षणिक समय सारणी के अंतर्गत 7-1 और 9-3 में समाहित किया गया है।
- 9-12 कक्षा के लिए समय सारणी के अनुरूप विभागीय स्तर पर ऑनलाइन पठन- पाठन की व्यवस्था की गई है, जिसे आगामी सत्र से आरंभ किया जायेगा।
- जिन विद्यालयों में पेयजल की समस्या है, उसके निवारण पर भी कार्य विभाग की ओर से किया जा रहा है।
- मध्याह्न भोजन के समय को भी संशोधित किया गया है। 7-1 बजे वाले समय में 10:20 बजे एवं 9-3 वाले में 12:20 बजे का समय निर्धारित किया गया है।
- विद्यालय चाहें तो शनिवार को बैगलेस डे कर सकते हैं और समय सारणी में बदलाव कर सकते हैं। ये स्कूल स्तर पर हो सकता है।
- इसके अलावे विकास फंड को बढ़ाने की बात भी रखी गयी, जिस पर विचार किया जाएगा।

# तेज सतही हवा व वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी

### मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में लगातार मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। कहीं वर्षा हो रही है तो कहीं तपती धूप ने आमलोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण अस्पतालों में मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। वहीं तेज सतही हवा देर शाम लोगों को राहत दे रही है। बता दें कि मंगलवार को राज्य में कहीं कहीं मेघ गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज सतही हवा को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने येलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद बुधवार से पूरे राज्य में कहीं कहीं आंशिक बादल छाए रहने और मौसम के शुष्क रहने का पूवार्नुमान है। वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने कहा कि गत दिनों हुई वर्षा से पूरे राज्य का तापमान का स्तर 40 के नीचे पहुंच चुका है। लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार मानसून आने तक मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। बंगाल की खाड़ी में दक्षिणी पश्चिमी मानसून की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मानसून पूर्व की गतिविधियां अब मौसम को प्रभावित करेंगी। इससे मानसून तक राज्य के विभिन्न हिस्सों के मौसम में उतार-चढ़ाव होगा। यद्यपि सतही हवा का असर रहेगा। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कहीं कहीं गर्जन के साथ वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 12 मिमी धनबाद के पुटकी में रिकार्ड की गई है। सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टेनगंज में 40.6 डिग्री सेल्सियस व सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रांची का रिकार्ड किया गया। मौसम में अचानक हुए बदलाव के कारण राज्य के सभी जिलों का तापमान 40 के नीचे पहुंच गया है। तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की कमी रिकार्ड की गई है।

### अगले पांच दिनों तक राजधानी का तापमान

- 30 मई : आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, मेघ गर्जन के साथ वर्षा की संभावना, अधिकतम 38 डिग्री व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा तापमान
- 31 मई : आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, मौसम शुष्क रहेगा, अधिकतम 39 डिग्री व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा तापमान
- 1 जून : आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा, अधिकतम 39 डिग्री व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रहेगा तापमान।
- 2 जून : आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा, अधिकतम 40 डिग्री व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा तापमान।

# बिजली ठीक करने पहुंचे लाइनमैन की जमकर पिटाई, प्राथमिकी दर्ज


### प्राथमिक उपचार के बाद लाइनमैन को भेजा घर, हरकत में विभाग

**CRIME REPORTER RANCHI :** कांके थाना अंतर्गत बुकरु चामा गांव में बिजली दुरुस्त करने पहुंचे लाइनमैन नईम अंसारी को रविवार रात करीब 10.30 बजे कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी निवासी आकाश कच्छप और अघनु गाड़ी और अज्ञात 6-7 लोगो ने जमकर मारपीट की। मारपीट में लाइनमैन नईम अंसारी बुरी तरह जख्मी हो गया। सर पर गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने के बाद तत्काल कांके पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तब तक सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो चुके थे। कांके पुलिस और परिजनों के सहयोग से देर रात कांके स्वास्थ केंद्र में बिजली कर्मी नईम अंसारी का प्राथमिक उपचार कर घर भेजा गया। इस मामले को लेकर बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पिठौरिया ने कांके थाना में आकाश कच्छप, अघनु गाड़ी सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार रविवार रात तकरीबन 10.30 बजे बुकरू चामा में बिजली की तार गिर गई थी। जिसे लाइनमैन नईम अंसारी अपने सहयोगी मालिक अंसारी के साथ ठीक करने पहुँचे थे। वही 7-8 की संख्या में पहले से कुछ लोग मौजूद थे, और लाइनमैन से उलझ गए। और मारपीट करने लगे। इस दौरान एक कार्यक्रम से घर लौट रहे युवा कांग्रेस रांची महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर ने मारपीट कर रहे बदमाशों के चुंगल से लाइनमैन नईम अंसारी को बचाया। बाद में नईम अंसारी ने अपने परिजनों और कांके थाना को इसकी सूचना दी। जिसके बाद तत्काल परिजन और कांके पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। लेकिन तब तक सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो चुके थे। बिजली कर्मी की मारपीट से आजसू जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, उपाध्यक्ष मो सफीउल्लाह अंसारी और मजीबुल अंसारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन से आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस भीषण गर्मी में बिजली कर्मी अपनी 24 घंटा सेवा दे रहे हैं। और उनके साथ इस तरह की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे।

# 125वीं सृजन संवाद में मृणाल सेन राय पर चर्चा FILM समीक्षक अमिताभ नाग हुए शामिल

**PHOTON NEWS RANCHI :** सृजन संवाद की 125 संगोष्ठी का आयोजन स्ट्रीमयार्ड तथा फेसबुक लाइव पर किया गया। इसमें देश के जाने-माने वरिष्ठ सिने-समीक्षक तथा मृणाल सेन विशेषज्ञ अमिताभ नाग को आमंत्रित किया गया था। सर्वप्रथम सृजन संवाद कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. विजय शर्मा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस गोष्ठी के साथ सृजन संवाद अपने 12 वर्ष पूरे कर तेरहवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अब इसकी बाल्यावस्था समाप्त हो गई है और यह किशोरावस्था में पदार्पण कर रहा है। इस बीच हर माह साहित्य, सिनेमा एवं विभिन्न कलाओं पर चर्चा होती रही है। अब हमें और गंभीरता तथा जिम्मेदारी के साथ काम करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रही मास कम्युनिकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा तिवारी ने अतिथि का परिचय दिया। सिनेमा पर कई किताबों के रचयिता तथा सिल्हुट मैगजीन के संपादक अमिताभ नाग ने सिने-व्यक्तित्व मृणाल सेन के कई पहलुओं को समेटते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने मृणाल सेन के समस्त कार्य को तीन फेज में बाँटते हुए अपने विचारों को प्रस्तुत किया। पहले फेज में रात भोर, अकालेर संधान आदि जैसी फिल्में आती हैं, जिनकी समीक्षकों ने बहुत नोटिस नहीं ली, ये बॉक्स ऑफिस पर भी उतनी सफल नहीं रहीं।




आज भले ही इन्हें क्लासिकल फिल्म का दर्जा हासिल है। रात भोर को स्वयं मृणाल सेन अपनी बहुत अच्छी फिल्म नहीं माना है। इस दौरान उन्होंने स्त्री-पुरुष दरारों पर ध्यान केंद्रित किया है। अपने सिने-जीवन के दूसरे फेज में सेन ने कम बजट में सफल फिल्में बनाईं। जब सेन ने एक लाख का बजट पेश किया तो लोग हँसे। पर उन्होंने मितव्ययता के साथ आकाश कुसुम, माटीर मानुष तथा भुवन सोम जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाई। इन फिल्मों ने उन्हें सिने-जगत में स्थापित कर दिया। यहाँ वे यूरोप के निर्देशकों की तकनेक गिमिक जैसे जम्प-कट्स आदि का प्रयोग करते हैं, साथ ही रंगों का भी। इन फिल्मों ने उन्हें समानान्तर सिनेमा के पुरोधा सिद्ध किया। अपनी तीसरी दौर की फिल्मों में सेन न्यूज-फुटेज का प्रयोग करते हैं। यहाँ वे डॉक्यू-फीचर का मिश्रण करते हैं। कलकत्ता 71, इंटरव्यू, पदातिक प्रोपगंडा एलीमेंट की फिल्में कही जा सकती हैं। कलकत्ता त्रयी में शहर नायक की दृष्टि से दिखाया गया है, सत्यजित राय की भाँति निर्देशक की दृष्टि से नहीं।

# सीने पर मोर पंख चिपका युवक ने लगाई फांसी

**CRIME REPORTER RANCHI :** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर 12 में सोमवार की सुबह संदीप कुमार ठाकुर, पिता किशोरी ठाकुर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। संदीप अपने माता पिता के साथ एस्बेस्टस मकान में रहता था। एस्बेस्टस के एंगल में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाया और झूल गया। जिस समय उसने आत्महत्या की वो घर में अकेला था। माता-पिता रात में एक समारोह में भाग लेने गए थे। सुबह में छह सात बजे के बीच माता-पिता जब घर आये तो काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो संदीप को फंदा पर झूलता पाया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। शाम में हरमू मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के पिता सैलून चलाते हैं। पुलिस के अनुसार संदीप राधा-कृष्ण का भक्त मालूम पड़ता है। उसके कमरे की दीवार पर राधा-कृष्ण की कई तस्वीर लगी हुई थी। यही नहीं उसने सीने पर भी मोर का पंख चिपकाया हुआ था। अभी तक लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी गई है। प्रथम दृष्टया मामला तनाव में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हुए नक्सली हमले के मामले में NIA ने दो के खिलाफ किया CHARGESHEET दाखिल

**CRIME REPORTER RANCHI :** पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सली हमला मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। इस मामले को लेकर एनआईए ने दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए की विशेष अदालत रांची में दाखिल चार्जशीट में दो आरोपियों को नामजद किया गया है। जिनमें तिवारी बांकीरा उर्फ शाका और सदन कोराह का नाम शामिल हैं। चाईबासा जिले के रहने वाले दोनों आरोपी प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सशस्त्र कैडर हैं। दोनों पर आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाये गये हैं। तिवारी बांकीरा को 30 नवंबर 2022 को और सदन कोराह को 13 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया था।



**एनआईए की रांची शाखा में दर्ज हुई थी प्राथमिकी**

एनआईए ने रांची शाखा में मिसिर बेसरा (एक करोड़ का इनामी), रघु, अश्विन, चंदन, मोछू, सुशांत, सागेन, कांडे होनहागा और सोनाराम होनहागा के खिलाफ जुलाई महीने में प्राथमिकी दर्ज की थी। सभी आरोपित पश्चिम सिंहभूम के गोइलकेरा के हैं। झारखंड पुलिस के अनुसंधान में इस बात का खुलासा हो चुका है कि पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले की योजना सुनियोजित थी। नक्सलियों का उद्देश्य पूर्व विधायक के बॉडीगार्ड से हथियार लूटना था, जिसमें वे सफल हुए थे। बॉडीगार्डों ने विरोध किया तो नक्सलियों ने दो की हत्या कर दी। हालांकि, तीसरा भागने में सफल रहा था, नहीं तो नक्सली उसे भी मार देते। इस घटना में कुख्यात नक्सली मोछू के दस्ते का हाथ था।

### चार जनवरी 2022 को पूर्व विधायक पर नक्सलियों ने किया था हमला

चार जनवरी 2022 की शाम झीलरुआं मैदान में आयोजित खेलकूद समारोह में शामिल होने गये पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों ने हमला किया था। पूर्व विधायक ने भीड़ में जाकर अपनी जान बचायी थी। नक्सलियों ने मैदान में मौजूद पूर्व विधायक के तीनों बॉडीगार्ड को घेर लिया था। जिसके बाद नायक के बॉडीगार्ड नक्सलियों से उलझ गये, लेकिन उनकी संख्या अधिक थी, जिससे वे हथियार लूटने में सफल रहे। नक्सलियों ने दो बॉडीगार्ड शंकर नायक और ठाकुर हेम्ब्रम की हत्या भी कर दी थी। वहीं एक बॉडीगार्ड ने भागकर अपनी जान बचायी थी। इस मामले में 31 दिसंबर 2022 को 14 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था।

### सिम नंबर 8235064923 का उपयोग 42 मोबाइलों में तो मोबाइल नंबर 8234622139 का इस्तेमाल 25 मोबाइल में किया गया

# रांची के बिरसा मुंडा जेल में एक SIM से कई मोबाइल का हो रहा इस्तेमाल

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची स्थित होटवार बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में कुछ सजायाफ्ता कैदी मोबाइल-सेलफोन का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जाता है। ये चौंकाने वाला खुलासा टेक्निकल इन्क्वायरी में हुआ है। हालांकि यहां कैदियों की पूरी निगरानी के दावे भी किए जाते हैं, लेकिन हर बार यहां ये दावे खोखले नजर आते हैं। जब भी इस जेल में औचक निरीक्षण हुआ कुछ न कुछ खामियां पाई गईं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सिम नंबर 8235064923 का उपयोग 42 मोबाइलों में किया गया। जबकि मोबाइल नंबर 8234622139 का इस्तेमाल 25 मोबाइल में किया गया। रांची पुलिस ने सिम नंबर 8235064923 का भौतिक सत्यापन करना शुरू किया, तब यह बात सामने आयी कि यह सिम अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल जारा निवासी सुधीर महली के नाम पर लिया गया है। जब पुलिस इनके पास पहुंची, तब इन्होंने कहा कि 8235064923 नंबर इनका नहीं है। फिर पुलिस ने इसकी जांच की। तब पता चला कि यह नंबर सुधीर महली के बहनोई राजू सिंह उपयोग कर रहे हैं, जो कि अपहरण के एक केस में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सजा काट रहे हैं। राजू सिंह टीटीसिल्वे थाना क्षेत्र के मानकारी दिपासेल्वई के रहने वाले हैं।

### रांची पुलिस को 42 मोबाइल का मिला आइएमइआइ नंबर

रांची पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ कि 8235064923 नंबर का इस्तेमाल में जिन मोबाइलों में किया गया था उसका आइएमइआइ नंबर निकालने ये नतीजे सामने आए है। नंबर का इस्तेमाल आइएमइआइ नंबर 35536609058284, 35616939509505, 35616939572956, 86525905681469, 35560911220888, 86882904843885, 35875545143555, 35561011220888 86379004328040, 86937203161610, 86379004329040,0 86437203161630 86882904422358 86379004318881, 35536709058284, 8688 3593839956968, 35256011437824, 35056194509505, 47335056194408815, 35616939408815, 86978303477823, 35792993279110, 35616939572979, 3523241150840, 86525005681468, 35560711464159, 35381770444303 35116147956068, 352324112018401 35081366279110, 86882904843884, 35616739509411, 869783034173222, 35762341443661, 35560711223848 35560811464159 35056194509411, 35625110840343, 86379004328727 35591611562992, 35375111155196, 35519669132544 3538177044923, 86379004328039 वाले फोन में किया गया था. इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# DHANBAD रेल मंडल में बड़ा हादसा, हाईटेंशन तार की चपेट में आने से छह लोगों की मौत

**PHOTON NEWS DHANBAD**

हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर सोमवार को धनबाद और गोमो स्टेशन के बीच निचितपुर-तेतुलमारी रेल स्टेशन के बीच पोल संख्या 283/14 - 283/16 के पास बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें छह लोग जिंदा जल गए। इस हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक झुलस गए हैं।

बताया जाता है कि निचितपुर रेल फाटक के पास मजदूर पोल गाड़ रहे थे और उन्होंने शटडाउन नहीं लिया था। काम के दौरान पोल डगमगा कर 25000 वोल्ट के ओवरहेड तार से छू गया, जिसके बाद करंट की चपेट में आने से


राहत कार्य में लगे रेलकर्मी व लोगों की लगी भीड़। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर छह लोगों की मौत की हो गई। एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

हादसे में मारे गए सभी मजदूर रेल विकास निगम लिमिटेड के बताए जा रहे हैं। मृत मजदूर झारखंड के लातेहार, पलामू और उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद के रहने वाले थे। इस मामले में अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं आ सकी है कि हादसा हुआ कैसे? घटना के बाद धनबाद-गोमो रेल लाइन पर कुछ ट्रेनों के परिचालन को भी रोका गया था, जिसे अब सामान्य कर दिया गया है। मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारी और रेलवे के डॉक्टर ने पुलिस की मौजूदगी में शवों को मौके से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौके पर पहुंचे धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि सुबह 11:30 बजे घटना की सूचना मिली थी। इसके 11:45 बजे तक बचाव दल मौके पर पहुंच चुकी थी, लेकिन तब तक सभी छह मजदूरों की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि घटना में मृत साइट सुपरवाइजर की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान पावर ब्लॉक भी लेना चाहिए था, लेकिन यहां नही लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में चार अलग अलग जांच जांच टीम गठित की जाएगी। यह जांच जिला पुलिस, रेल पुलिस, डिपार्टमेंटल और ईआईजी अलग अलग करेगी। इसमें जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण कौशल योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ कार्यशाला का आयोजन

## स्वरोजगार की दिशा में जिला को अग्रसर करने में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का योगदान महत्वपूर्ण : डीसी

**PHOTON NEWS RAMGARH**

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में छतरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन रामगढ़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे सहित अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों का पौधा देकर कार्यक्रम में स्वागत किया गया। इसके उपरांत उपायुक्त सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की दिशा में लोगों को अग्रसर करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है जिसके तहत महिलाओं को सिलाई कढ़ाई, नर्सिंग के साथ विभिन्न क्षेत्रों एवं


कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करती उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

पुरुषों को विभिन्न तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। खास बात यह है कि योजना के तहत 3 माह से लेकर 2 साल तक के प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को किसी भी तरह का कोई भी खर्च वहन नहीं करना होता है। सरकार द्वारा प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान समय में योजना को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है इसी उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें आप सभी जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों आदि की सहभागिता किस प्रकार से इस योजना को सफल करने में सुनिश्चित की जाए इस संबंध में जानकारी दी जा रही है। मौके पर उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि योजना के सफल संचालन में आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। खास तौर पर उपायुक्त ने पुलिस पदाधिकारियों को थाना स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने एवं विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के क्रम में युवाओं को योजना के प्रति जानकारी देने व उन्हें योजना से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की।

कार्यशाला के दौरान उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से उपायुक्त ने विशेष रुप से अपील करते हुए योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को योजना से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि अगर इस योजना को सही तरीके से धरातल पर उतारा जाए तो रामगढ़ जिले के विकास में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी।

कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी ने योजना के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी देते हुए सभी से योजना को सफल बनाने एवं अधिकारियों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों को योजना के क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की वही अपर समाहर्ता श्री नेल्सम ए एयोन बागे ने बहुत ही सरल भाषा में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना की सभी को जानकारी देते हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से योजना को सफल बनाने में अपना योगदान देने की अपील की।

इसके पूर्व स्वागत भाषण देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती रीता सिंह ने उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, अपर समाहर्ता सहित अन्य अतिथियों, अधिकारियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी का कार्यशाला में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया वहीं उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना

## जनसेवकों की हड़ताल का 21वां दिन, 31 मई को राजधानी में न्याय मार्च



अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जनसेवक संघ के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार 21वें दिन जारी रहा। सदर प्रखण्ड कार्यालय, रामगढ़ प्रखंड के निकट प्रखंड सभागार के बरामदे में धरना के लिए सभी जनसेवक उपस्थित हुए। जनसेवकों को झारखंड राज्य जनसेवक संघ के महासचिव लोकेश कुमार के द्वारा बताया गया कि 28 मई को राज्य कार्यकारिणी की बैठक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई थी। जिसके आलोक में रामगढ़ जिला के सभी जनसेवकों को 31 मई को रांची में न्याय यात्रा कार्यक्रम में ससमय शामिल होने का निर्देश दिया गया। यह न्याय यात्रा प्रस्तावित मंत्रिमंडल बैठक को ध्यान में रखते हुए शालीमार बाजार धुर्वा से धुर्वा गोलचक्कर होते हुए प्रोजेक्ट भवन तक निर्धारित है। अंत में यह यात्रा प्रोजेक्ट भवन पहुंचकर धरना का रूप ले लेगी।

ज्ञातव्य हो कि झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर रामगढ़ जिलें के सभी जनसेवक ग्रेड पे कम करने एवम 11 सूत्री मांगों के आलोक में अनिश्चितकालीन हड़ताल में हैं।21 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कृषि विभाग और राज्य सरकार द्वारा जनसेवक संघ के माँगो पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।जनसेवकों के हड़ताल में जाने से जिलें के विकास कार्य पूरी तरह बाधित है।जिला सचिव श्री रविन्द्र कुमार महतो ने बताया कि विभाग द्वारा सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने से जनसेवकों में काफी रोष है।माँगे पूरा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में जनसेवक संघ द्वारा आंदोलन को अधिक तीव्र किया जाएगा।

आज धरना में झारखंड राज्य जनसेवक संघ के रामगढ़ जिला इकाई के अध्यक्ष लोकेश कुमार, सचिव रविन्द्र कुमार महतो, संयुक्त सचिव उपेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार

## अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक

**PHOTON NEWS RAMGARH**

सोमवार को जिला समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता रामगढ़ श्री नेल्सम एयोन बागे ? की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को मध्याह्न भोजन के संचालन के दौरान विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए चावल का उठाव करने व खाद्य पदार्थों से संबंधित रोस्टर का पालन करने का निर्देश दिया।

वहीं बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया की चयनित उत्कृष्ट विद्यालयों में भी कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन की सुविधा कराई जाएगी जिसे लेकर प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्य किया जा रहा है

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने एवं मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने निरीक्षण के दौरान साफ सफाई का भी जायजा लेने व सभी स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप के लिए भी समय-समय पर कैंप आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया। इन सबके अलावा बैठक के अपर समाहर्ता ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में मध्याह्न भोजन हेतु उपलब्ध राशन सामग्रियों, आवंटन की उपलब्धता आदि की समीक्षा करते हुए कहां की सभी विद्यालयों में मध्यान भोजन की सारणी वॉल पेंटिंग करने एवं किसी भी विद्यालय में मध्यान भोजन को कोयले से ना बनाकर गैस का प्रयोग करने का निर्देश दिए।

## तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित श्रीश्री 1008 प.गला बाबा सेवा आश्रम में चल रहें तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा, आवाहित, देवी देवताओं का पुजन, हवन, पुणार्हुति और भव्य भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन हुआ। वहीं अंतिम दिन यज्ञाचार्य आचार्य अशोक कुमार मिश्र द्वारा पूरे विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए।

इसके पूर्व रविवार को 33 कोटी देवताओं का आह्वान, स्थल पुजन, अधिवास, शच्चाधिवास सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न


पूजा अर्चना में शामिल श्रद्धालु। ● द फोटोन न्यूज

कराया। महायज्ञ के दौरान जय श्रीराम, जय माता सीता, जय हनुमान सहित अन्य अराध्य देवी देवताओ के गगनभेदी उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा।

पुजा अर्चना मे बतौर यजमान मनोज सिंह सपत्नी सुमन सिंह शामिल हुए। महायज्ञ को संपन्न कराने में भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, सतीश ठाकुर, यदुनंदन विश्वकर्मा, सतीश ठाकुर, रामसकल सिंह, शशि भुषण स्वर्णकार, अनिता वर्मा, शिवशंकर सिंह, राधिका सिंह, कामेश्वर मेहता, बबलु प्रसाद, अजीत कुमार, पंकज कुमार, मथुरा साव सहित दर्जनो महिला पुरूष शामिल थे।

### आदर्श विद्यालय योजना के तहत विकसित किए गए 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का नाम बदला

## NADIA हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलने से लोगों में

**PHOTON NEWS LOHARDAGA**

झारखंड सरकार ने आदर्श विद्यालय योजना के तहत विकसित किए गए 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का नाम बदल दिया है। अब सभी विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाने जाएंगें। इसी क्रम में लोहरदगा नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम भी परिवर्तित कर उसके स्थान पर अब सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा कर दिया गया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में तीखा आक्रोश है।

लोहरदगा के नदिया हिंदू हाई स्कूल की स्थापना आजादी से पूर्व 1931 ईस्वी में हुई थी। बिड़ला ने स्कूल बनाने के लिए जमीन दी थी। यह जमीन मौजा नदिया में थी, इसलिए उस समय के लोगों ने इस स्कूल का नामकरण नदिया हिंदू हाई स्कूल किया था। इस स्कूल का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। यहां से पढ़ाई करने वाले




अनेक छात्रों ने देश का मान बढ़ाया है। यह इस क्षेत्र की एक प्रमुख धरोहर है।

अब झारखंड सरकार ने इस स्कूल का नाम बदलकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा कर दिया है। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि जिन स्कूलों में महापुरुषों का नाम है, वहां महापुरुषों के नाम नहीं हटाकर उसके बाद सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जोड़ा जाएगा। लोगों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम इस क्षेत्र के जन भावनाओं से जुड़ा हुआ है। नदिया हिंदू नाम हटने से इस क्षेत्र के लोग क्षुब्ध एवं आक्रोशित है। इसके नाम में परिवर्तन से लोगों की भावना आहत हो रही है। पिछले दिनों इसको लेकर जय श्री राम समिति की बैठक भी आयोजित की गई और आंदोलन की रणनीति तैयार की गई।

### विभागीय सचिव ने किया नोटिफिकेशन जारी: डीईओ

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि ये सही बात है और अब लोहरदगा का नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम अब सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस लोहरदगा होगा। शिक्षा सचिव के द्वारा इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है।

### ये गलत, जरूरत पड़ी तो न्यायालय की शरण में जाऊंगा : मदनमोहन पांडेय

शिक्षाविद मदन मोहन पांडे का कहना है कि यह सरकार का निर्णय सरासर गलत है। बिरला जी ने जमीन दान में दी थी तो शर्त यही थी कि इस विद्यालय का नाम नदिया हिंदू उच्च विद्यालय ही होगा। इसके भवन निर्माण में राय साहब बलदेव साहू ,श्री कृष्ण साहू, मनु बाबू सहित अन्य लोगों ने भी आर्थिक मदद की थी। नियम यह भी है कि आप किसी भी स्कूल का नाम नहीं बदल सकते हैं। स्कूल से हिंदू नाम हटाना सरासर गलत है। आप इसे नदिया हिंदू स्कूल ऑफ सीएम एक्सीलेंस कर सकते हैं। यदि यही स्थिति रही तो ऐसे में कोई भी व्यक्ति जमीन दान में नहीं देगा। यह सरकारी जमीन नहीं है। यह स्कूल के लिए दी गई है। यह गलत हो रहा है। आवश्यकता पड़ी तो मैं उच्च न्यायालय की शरण में जाऊंगा।

भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार में नदिया हिंदू हाई स्कूल शब्द आज भी अंकित है। और यह लोहरदगा का गौरव प्राप्त विद्यालय नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के नाम से हिन्दू शब्द को हटाने का निर्णय लेकर राज्य सरकार लोहरदगा के ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ सनातन भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ करने का कार्य कर रही है। इसके विरुद्ध जन भावना को जागृत करने की आवश्यकता है तथा एकजुट होकर शीघ्र ही आन्दोलनात्मक कार्यक्रम की तैयारी करने की जरूरत हैं।

### हिंदू समाज की बड़ी आबादी मर्माहत: रितेश कुमार

विहिप नेता रितेश कुमार साहू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम परिवर्तित किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहते हैं कि ऐतिहासिक धरोहर के साथ छेड़छाड़ दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि परिवर्तन ही करना था तो ऐतिहासिक नाम के साथ परिवर्तन होना चाहिए ना कि उसे विलोपित कर नाम परिवर्तन किया जाए।

## BRIEF NEWS

### कमलजीत कौर भारतीय आजाद सेना के कोल्हान प्रमंडल की अध्यक्ष मनोनीत


कमलजीत कौर की फाईल फोटो।

**JAMSHEDPUR :** गोलमुरी नामदा बस्ती निवासी कमलजीत कौर को भारतीय आजाद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने कोल्हान प्रमंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री सोनी ने आशा व्यक्त की है कि कमलजीत कौर भारतीय आजाद सेना के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएगी। साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करने की कोशिश करेंगी। इस संबंध में कमलजीत कौर ने कहा कि भारतीय आजाद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगी। इसके साथ ही संगठन के दिशा निर्देशों के अनुसार काम करूंगी और संगठन का विस्तार करूंगी।

### शरीर पर डीजल छिड़ककर महिला ने किया आत्मदाह

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत गुरुद्वारा बस्ती क्रॉस रोड नंबर बी निवासी 57 वर्षीय किरण देवी ने रविवार देर रात शरीर पर डीजल छिड़ककर आत्मदाह कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई जब किरण के पति सुरेश कुमार सिंह रात को अपने बिस्तर से उठे। उन्होंने पाया कि किरण कमरे में नहीं है। बाहर जाकर देखा को किरण ने खुद को आग लगा ली थी। हालांकि तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सुरेश ने इसकी सूचना मानगो पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को देर रात ही पोस्टमार्टम हाउस के शव गृह में रखवा दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। किरण के बड़े बेटे शिव नारायण ने बताया कि उनके पिता का शादी-पार्टियों में लाइटिंग का कारोबार है। जेनरेटर में डीजल की आवश्यकता पड़ती है, जिसको लेकर घर में हमेशा डीजल रखा रहता है। देर रात उनकी मां कमरे से निकली और बाथरूम में जाकर डीजल छिड़ककर आग लगा ली। रात 1.30 बजे जानकारी मिलने पर उनके शरीर पर पानी डाला गया पर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शिव नारायण के अनुसार किरण देवी मानसिक रूप से बीमार थी। सात साल पहले पटना में उनका इलाज हुआ था।

### दामोदर महोत्सव आज, तैयारी पूरी

**RAMGARH :** देवनद दामोदर महोत्सव मंगलवार को मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा प्रक्षेत्र स्थित दामोदर नदी के तट पर भव्य पूजा अर्चना एव महाआरती का कार्यक्रम आयोजित की गईं है। इसको लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अथिति महामहिम राज्यपाल आरसी राधाकृष्णन उपस्थित होंगे। जबकि विधायक सरयू राय, गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, मांडू विधायक जेपी भाई पटेल, रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी सहित कई दिग्गज लोग मौजूद होंगे। कार्यक्रम को सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर संयोजक पंचम चौधरी ने कहा कि गंगा दशहरा के दिन कार्यक्रम को कई भागों में बांटा गया है, जिसमें महामहिम का मंदिर में पूजा अर्चना, दामोदर नदी की विशेषता एवं महत्व पर परिचर्चा एवं संबोधन तत्पश्चात दामोदर नदी पर गंगा पूजा अर्चना एवं महाआरती कार्यक्रम आयोजित होंगी। तैयारी में डॉ. एमके जमुआर, अंशुल शरण, आशीष शीतल, निरंजन सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, राजेश सिन्हा, आनंद सिंह, विकास बेदिया आदि जुटे हुए है।

### रामगढ़ में फर्जी कागजातों के सहारे भू-माफिया और भ्रष्ट अधिकारी कर रहे खेल

**RAMGARH :** जिला में भू-माफियाओं का मनोबल सांतवे आसमान पर है और जमीन से संबंधित अधिकारियों की पांचों उंगलियां घी में है। फर्जी कागजातों के जरीए आम लोगों के लिए न सिर्फ परेशानी हो रही है बल्कि बीते कुछ माह से कई जगहों पर जमीन विवाद में मारपीट और हिंसक झड़प के मामले सामने आ रहे हैं। जिसके बाद लोग थाना और कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने को बाध्य हो रहे हैं। बीते दिनों गढ़बांध में जमीन विवाद में मारपीट का मामला रामगढ़ थाने पहुंचा। मारपीट में घायल राजेंद्र सोनी का इलाज रिम्स में होने के बाद सोमवार को उन्हें डिस्चार्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर बीते 23 मई को रामगढ़ थाना में आवेदन दिया गया है। मारपीट की घटना के सारे साक्ष्य उपलब्ध है। बेवजह हमारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिस प्लॉट को आधार बनाया गया है उसपर हमारी तरफ से कोई दावा है ही नहीं और हमारे तरफ से कोई हिंसा नहीं की गई है। हालांकि अब मामला थाने में और जांच का विषय है। राजेंद्र सोनी कहा कि प्रशासन दोनों पक्ष के कागजातों की वास्तविकता और मामले की निष्पक्षता से जांच करानी चाहिए। वहीं बीते दिनों भुरकुंडा के एक डॉक्टर एच के सिंह के द्वारा कुजू के रउता में एक दबंग व्यक्ति पर अवैध रूप से जमीन कब्जाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया था। जिसे लेकर रामगढ़ एसपी को डॉक्टर ने आवेदन देकर न्याय कि गुहार लगाई थी। इधर विगत दिनों कोठार क्षेत्र में भी दो पक्षों के बीच जमीन विवाद में मारपीट का मामला रामगढ़ थाना पहुंचा था। जिसमें गिरफ्तारी भी हुई थी। फर्जी कागजातों के सहारे जमीन कब्जाने की होड़ जिला की विधि-व्यवस्था के लिए चुनौती बन रही है। मिली भगत से भू-माफियाओं द्वारा गैर मजरूआ जमीन भी धड़ल्ले से बेचा और कब्जाया जा रहा है।

### पीड़ित परिवार ने भुरकुंडा ओपी से लगाया न्याय की गुहार, खुलेआम घूम रहा है आरोपी

**RAMGARH :** सौन्दा बस्ती टिपला में पिछले दिनों युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी खुलेआम घुम रहा है। आरोपियो पर मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस कोई कारवाई नहीं कर रही है। साथ ही आरोपी पीडित पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे है। जिससे पीडित सहित परिजन भयभीत है। सोमवार को पीडित अपने परिजनो के साथ न्याय की गुहार लगाने को लेकर भुरकुंडा ओपी पहुंचे। इस दौरान सौंदा बस्ती निवासी पीडित दीपक कुमार पिता दुखन साव ने बताया कि पिछले 23 अप्रैल की शाम करीब साढे सात बजे स्थानीय रितिक राशन दुकान के पास सामान लेने गया था। इसी दौरान रमेश साव, बजरंगी कुमार, संतोष कुमार, सोनू कुमार, सुरज कुमार, निरज कुमार और शिवम कुमार सभी लाठी डंडा लेकर आ धमके और बिना किसी बात के मारपीट करने लगे। मारपीट में पीडित का सर फट गया और शरीर मे गंभीर चोटें आई। सर मे चोट लगने और मारपीट के कारण दीपक कुमार जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। पीडित के जमीन पर गिरते ही आरोपी फरार हो गये। घटना की जानकारी के बाद दीपक कुमार के परिजन वहां पहुंचे। जहां परिजनो ने तत्काल घायल दीपक को प्रखंड चिकित्सालय पतरातू ले गये। जहां घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। दीपक कुमार ने बताया कि घटना के बाद रामगढ एसपी कार्यालय पहुंचा। जहां आरोपियों पर कारवाई करने और न्याय दिलाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। आवेदन के बाद भुरकुंडा पुलिस ने 26 अप्रैल को सभी आरोपियों पर केस दर्ज किया। मारपीट का मामला दर्ज कराने के बाद उक्त आरोपी केस उठाने की धमकी दे रहे है।

### राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**RAMGARH :** सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी लेने के क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर सरकारी जमीनों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण, अतिक्रमण व अवैध रूप से जमीन का इस्तेमाल ना किया जाए अगर कहीं पर भी इस प्रकार का कोई भी मामला सामने आता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इसकी जानकारी जिला स्तर पर देना सुनिश्चित करें वही उपायुक्त ने म्यूटेशन संबंधित मामलों सहित अंचल कार्यालय द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

# मोतिहारी में दामाद ने सास को मारी 2 गोली मौत

## पत्नी की विदाई न होने से था नाराज

**मोतिहारी** में पत्नी की विदाई नहीं होने से नाराज दामाद ने अपनी सास की गोली मारकर हत्या कर दी। सनकी दामाद ने रविवार को घर के बाहर खड़ी सास को दो गोली मारी। गोली सीने और कंधे में लगी जिससे उनकी मौत हो गई। घटना कुंडवा चैनपुर थाना इलाके की है। बता दें कि आरोपी छोटन अपनी मां की हत्या के आरोप में भी बीते पांच साल से फरार है। बार-बार ससुरालवालों को पत्नी की विदाई की धमकी दे रहा था। मृतक महिला का नाम गायत्री है। छोटन की पत्नी राखी ने बताया कि घर के पास स्थित खेत में मां के साथ मूंग तोड़ने गई थी। मां बोली कि तुम काम करो, मैं आगे जा रही हूं। मां खेत पार करके घर के पास खड़ी थी। इसी दौरान पटाखे जैसी आवाज आई। मैं भागकर वहां पहुंची तो देखा कि मेरी मां को वो मारकर भाग गया है। उधर, मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि गायत्री का दामाद छोटन अपनी पत्नी की विदाई कराने आया था। इसी बात को लेकर उसकी सास से नोकझोंक हुई। छोटन को गुस्सा आया, उसने गायत्री को गोली मारी और फरार हो गया। घायल सास को ढाका रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी दामाद छोटन दरभंगा के टाउन थाना के रतनोपट्टी का रहने वाला है। 29 मार्च 2018 को युवक ने अपनी मां मां मालती देवी की हत्या कर दी थी। टंकी में शव



फेंक कर फरार हो गया था। 30 मार्च को महिला की लाश मिली थी। लड़के की बहन ने इस मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाना में कांड 60/18 दर्ज है। आरोपी तब से ही फरार है। हत्या के बाद से पत्नी राखी अपने दोनों बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। वह बार-बार ससुराल में जाकर पत्नी की विदाई की धमकी देता है। एक साल पहले भी 8 जून 2022 को सीढ़ी लगाकर ससुराल में घुसा था। पत्नी और सास से झगड़ा हुआ और दोनों पर चाकू से हमला कर दिया था। इस मामले में कुंडवा चैनपुर थाना में भी प्राथमिकी दर्ज है। वहीं, उसने अपनी बहन के साथ मारपीट की थी, जिसका मामला उसने दर्ज कराया था। मृतक महिला गायत्री और राजकिशोर की दूसरी बेटी राखी की शादी साल 2015 में दरभंगा के टाउन थाना के रतनोपट्टी गांव निवासी स्व. नारायण साह के 30 साल के बेटे श्याम उर्फ छोटन से हुई थी। शादी के बाद उनके दो बच्चे भी हुए। छोटन ने साल 2016 के आसपास बरगुनिया में जमीन खरीद कर अपना घर भी बनाया। टेंपो चलाकर अच्छा पैसा कमा रहा था, लेकिन इसी बीच उसकी कुछ गलत लोगों से संगत हो गई। घर में पैसे को लेकर विवाद हुआ तो 29 मार्च 2018 को अपनी मां की हत्या कर फरार हो गया था। उधर, आरोपी के ससुर राजकिशोर साह ने करीब एक साल पहले दरभंगा जाकर एसपी से मुलाकात की थी। मां की हत्या मामले में जानकारी ली थी। उन्होंने बताया था कि दामाद उनसे चार लाख की रंगदारी की मांग कर रहा है। ससुर राजकिशोर ने कुंडवा चैनपुर थाना से लेकर दरभंगा एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई थी। इधर, मामले में कुंडवा चैनपुर थानाध्यक्ष रमन कुमार मौके पर पहुंचे थे। परिजनों से पूछताछ कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# ये हमको नहीं, हम इसको भगाकर ले जा रहे हैं

एक छात्रा अपने प्रेमी को ही भगाकर ले जा रही थी, लेकिन मुजफ्फरपुर जंक्शन पर पकड़ी गई। रेल पुलिस ने दोनों से नाम पता और भागने का कारण पूछा तो सभी हैरान रह गए। लड़के से पुलिस ने जब पूछा कि लड़की को लेकर कहां जा रहे हो। इस पर छात्रा ने तुरंत कहा की.. सर ये हमको लेकर नहीं जा रहा..हम इसको भगाकर ले जा रहे हैं। रेल पुलिस ने दोनों को थाने लाया, जहा दोनों से पूछताछ की गई। दोनों की उम्र 17 वर्ष है। दोनो सीतामढ़ी जिले के रहने वाले हैं। दोनो एक दूसरे से दो साल से प्यार करते हैं। थानेदार दिनेश साहू ने बताया की दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। दोनों के परिजन थाने पहुंचे थे। दोनों अपने



अपने घर चले गए हैं। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया की दोनों का गांव एक ही थाना क्षेत्र में है। दोनों एक ही कोचिंग में पढ़ते थे। तीन साल पहले दोनों की कोचिंग में मुलाकात हुई थी। 1 साल तक दोस्ती चली। फिर, दोनों के बीच प्यार हो गया। छात्रा ने कहा कि मां ने डांट लगाई थी। इससे वह नाराज



होकर प्रेमी के पास पहुंच गई। फिर, प्रेमी को कॉल कर घर से बुलाई। दोनों दिल्ली के लिए निकल गए। दोनों ने बताया कि बस से सीतामढ़ी से बैरिया पहुंचे थे। वहां से ऑटो लेकर रेलवे स्टेशन पहुंचे। लेकिन, मुजफ्फरपुर जंक्शन पर रेल पुलिस की नजर दोनों पर पड़ी, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।

# ट्रेन से कटकर किराना दुकानदार की मौत

**दानापुर**-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के समीप रविवार को बेटी की चप्पल खरीद कर वापस जा रहे किराना दुकानदार की ट्रेन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसकी बेटी बालझबाल बच गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना मिलते ही आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत मसाढ़ गांव निवासी स्व. लक्ष्मण साह के 35 वर्षीय पुत्र दिनेश साह था। वह पेशे से किराना दुकानदार था। फुट ओवरब्रिज में चल रहे मरम्मत के कारण दिनेश ट्रैक पार कर रहा



था। वहीं इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने फुट ओवरब्रिज की मरम्मती पूरी होने तक बिहिया में ट्रेन की शटिंग नहीं करने और मुआवजा की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए । घटना की सूचना पर आरपीएफ इंस्पेक्टर सुमन कुमारी,बिहिया प्रभारी सीओ निशा यादव,जीआरपी थाना प्रभारी पंकज बिहिया थानाध्यक्ष समेत मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझाझबुझाकर धरना को समाप्त करवाया गया। इधर,मृतक की बेटी अंशु कुमारी ने बताया कि वह अपने पिता के साथ बिहिया बाजार अपनी चप्पल और सब्जी खरीदने आई थी। बाजार करने के बाद फुट ओवरब्रिज पर काम चल रहा था। तो हमलोग मालगाड़ी के नीचे से होते हुए रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म पर जा रहे थे। जाने के क्रम में उन्होंने अपनी बेटी को प्लेटफार्म पर चढ़ा दिया। तभी ट्रेन आ गई। जिसकी चपेट में आकर उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई

# धीरेंद्र शास्त्री के प्रवचन सुनकर रुखसाना बनी रुक्मिणी

**मध्यप्रदेश** के बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रवचन सुनकर मुजफ्फरपुर की रुखसाना (22) रुक्मिणी बन गई। हाजीपुर में पहले अपने प्रेमी के साथ गंडक नदी में डुबकी लगाई। फिर मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज के साथ सात फेरे लिए। प्रेमी वैशाली का रहने वाला है। मुजफ्फरपुर के गिजांस की रहने वाली नौशिन परवीन उर्फ रुखसाना और वैशाली निवासी रोशन कुंवर (25) को जयपुर के कॉलेज में 2018 में पढ़ाई करने गए थे। पहले दोनों में दोस्ती हुई। फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। चार साल दोनों में अफेयर चला। रुसखाना और रोशन ने शादी का फैसला किया। लड़के के परिवार वाले मान गए, लेकिन लड़की का परिवार इस शादी के खिलाफ था। लड़की ने लड़के से कहा कि वो सनातन धर्म अपनाने के बाद ही उससे शादी करेगी। रुखसाना ने पहले सनातन धर्म अपनाया। वो रुक्मिणी बन गई। रविवार को वैशाली के लालगंज के रेपुरा में अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में दोनों की शादी हुई। ड़की ने कहा कि जयपुर में पढ़ाई के दौरान हम दोनों के बीच प्यार हुआ। हमने शादी का फैसला लिया। मैं इस्लाम धर्म से थी, लेकिन मैंने कहा था कि सनातन धर्म स्वीकार करूंगी तो ही शादी करूंगी। मुझे बाबा बागेश्वर से इस धर्म को स्वीकार करने की प्रेरणा मिली है। रोशन ने कहा कि इस शादी से हम दोनों खुश हैं। रुखसाना ने मर्जी से सनातन धर्म अपनाया और मुझसे शादी की है। सनातन धर्म अपनाने के लिए पहले रुखसाना का शुद्धिकरण किया गया। गंडक नदी में डुबकी लगाने के बाद विधि-विधान से पूजा की गई। इसके बाद उसे नया नाम भी दिया गया। रुक्मिणी बनने के बाद रोशन के साथ उसकी शादी कराई गई।

# बच्ची से मकान मालिक के बेटे ने किया रेप

**मोतिहारी** में तीन साल की मासूम के साथ रेप का मामला सामने आया है। मकान मालिक के 23 साल के लड़के पर बच्ची से रेप का आरोप लगा है। आरोपी शादीशुदा है उसका 2 साल का बेटा भी है। बच्ची की मां ने बताया कि शनिवार को आरोपी बेटी को बारात में खाना खिलाने ले गया था। उसी दौरान उसके साथ गंदा काम किया। रविवार को पुलिस में मामला दर्ज हुआ है जिसके बाद कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला मेहसी थाना क्षेत्र का है। हालांकि पुलिस कस्टडी में आरोपी लगातार खुद को निर्दोष बता रहा है। इधर, बच्ची की मां ने बेटी के साथ हुए रेप में बयान दिया है। मां का कहना है कि जिस घर में हम लोग किराए पर रहते हैं, उसी रूम मालिक का 23 साल का बेटा आकाश कुमार मेरी बेटी को खाना खिलाने की



बात कहकर शनिवार को अपने साथ ले गया। जब वह देर रात तक नहीं आया तो आकाश की पत्नी को फोन किया कि वो अभी तक मेरी बेटी को लेकर घर नहीं आया है। उसकी पत्नी बोली कि वो बारात में गया है। मैंने कई बार फोन किया। वह 11 बजे रात घर पर आया तो बेटी को कई जगह जख्म के निशान थे। जब मैंने पूछा तो मेरी बेटी ने बताया कि लीची के पेड़ के पीछे हाथ-पैर बांधकर उसके साथ गंदा काम किया है। बेटी के चेहरे और सीने पर दांत से काटने के निशान थे। जब मैंने आकाश से पूछा तो उसने बताया कि वह सड़क पर गिर गई थी, इसी से चोट आई है। इतने में ही आकाश की मां आकर बोली कि हम दवा मंगा कर दे रहे, हल्ला करने की जरूरत नहीं है। बच्ची की मां ने बताया कि रविवार की शाम हम लोगों ने घटना की जानकारी मेहसी थाना की पुलिस को दी। उन्होंने मोतिहारी महिला थाने भेज दिया, जहां पर आगे की कार्रवाई की गई। रविवार को ही युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मासूम की मां ने बताया कि 20 अप्रैल से आकाश के घर में रूम भारा पर ले कर रह रही थी। वहीं सीप बटन फैक्ट्री में काम करती थी। ससुराल में काम नहीं मिलने के कारण पति के साथ ही मायके में रह कर बटन बनाने का काम करती थी। वहां मेरी मां भी काम करती है। मेहसी थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता द्वारा जैसे घटना की जानकारी दी गई, वैसे ही आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की गई। इस दौरान आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि आरोपी युवक शादीशुदा है। उसका एक बच्चा है, जो कि दो साल का है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ की जा रही है।

# क्या सच में बिहार में है सोने की खान

**बिहार** के बांका में जमीन से सोना तलाशने का काम लगातार जारी है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ऋक) की तरफ से यहां किए जा रहे ऑब्जर्वेशन की वजह से इसकी चर्चा पूरे देशभर में है। दावा किया जा रहा है कि यहां के जमीन के भीतर सोने की खान है। ऋक के इस दावे में कितनी सच्चाई है। इसे जानने के लिए हम पटना से 300ङट दूर बिहार-झारखंड बॉर्डर के कटोरिया इलाके में पहुंचे। फिर यहां से 30 ङट अंदर जंगल और पहाड़ों के रास्ते जब हम केरवार गांव पहुंचे, तो यहां बंजर जमीन में खुदाई का काम चल रहा था। हम सबसे पहले उस साइट पर पहुंचे जहां ऋक की तरफ से खुदाई हो रही है। यहां सोने जैसा दिखने वाले सैंपल कलेक्ट किए जा रहे हैं। इसके लिए दो बड़े-बड़े ड्रिलिंग मशीन मंगाए गए हैं, जिससे 5 मजदूर दिन रात खुदाई का काम कर रहे हैं। हर 20 फीट खुदाई के बाद मिलने वाले सैंपल को कलेक्ट कर एक बक्से में सुरक्षित रखा जा रहा है। इसके बाद इन सभी सैंपल को ऋक के सैंपल के लैब में भेजा जा रहा है। अभी तक की हुई खुदाई में तीन अलग-अलग तरह के मेटल मिलने की बात सामने आई है। इसमें एक सोने की तरह चमकने वाला पीले रंग का मेटल भी है। हालांकि, ये क्या है? इसे कोई भी अधिकारी बताने के लिए तैयार नहीं है। उनका कहना है कि जब



तक लैब से पुष्टि नहीं हो जाती है इस संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अभी तक इस तरह के 28 बॉक्स सैंपल को कलेक्ट किया गया है। इन्हें ऋक के तीन लैब पटना, कोलकाता और दिल्ली भेजा गया है। लैब में सैंपल की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यहां से किस तरह के मेटल मिल रहे हैं।

अभी तक की हुई खुदाई में तीन अलग-अलग तरह के मेटल मिलने की बात सामने आई है। इसमें एक सोने की तरह चमकने वाला पीले रंग का मेटल भी है। हालांकि, ये क्या है? इसे कोई भी अधिकारी बताने के लिए तैयार नहीं है। उनका कहना है कि जब तक लैब से पुष्टि नहीं हो जाती है इस संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अभी तक इस तरह के 28 बॉक्स सैंपल को कलेक्ट किया गया है। इन्हें ऋक के तीन लैब पटना, कोलकाता और दिल्ली भेजा गया है। लैब में सैंपल की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यहां से किस तरह के मेटल मिल रहे

हैं। ऌबिहार और झारखंड के बॉर्डर पर बसा केरवार गांव चारों तरफ पहाड़ों और जंगलों से घिरा इलाका है। गांव के एक तरफ बिहार है और दूसरी तरफ झारखंड का इलाका शुरू हो जाता है। 6 टोलों में बंटे लगभग 1200 घरों के इस गांव की 70 फीसदी आबादी यादव समुदाय की है। ये बिहार के उन चुनिंदा गांवों में है, जहां आदिवासी भी रहते हैं। बाकी के 10 फीसदी में धोबी, भुइयां व अन्य जाति के लोग शामिल हैं। गांव के 90 फीसदी लोग खेती और जंगल पर निर्भर रहते हैं। खेती-किसानी ही इनका मुख्य पेशा है। ग्रामीण बताते हैं कि यहां मुख्य रूप पर टमाटर, मकई और धान की पैदावार होती है।

## संक्षिप्त -समाचार

### बांका में 2 गुटों की मारपीट में पुलिस भी घायल



**बांका** में दो गुटों के बीच मारपीट की घटना की सूचना पर बीच-बचाव करने पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस पर हमला हो गया। रविवार की रात खिरजान गांव के ग्रामीणों ने रजौन थाना की पुलिस पर धावा बोला है। हमले में थाना के एसआई उमेश सिन्हा, चौकीदार बजरंगी पासवान और दोनों गुट के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज रजौन साम्९९-डंडे और तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया गया, जिसमें सभी गंभीर रूप से जख्मी होकर लहूलुहान हो गए। मामले की सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही उमेश सिन्हा पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों के झुंड ने पुलिसकर्मियों पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन उल्टे आक्रोशितों ने पुलिस वाहन पर ईंट-पत्थर चला कर गाड़ी में तोड़फोड़ की। पुलिस वाहन का शीशा तोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घटना में घायल पुलिसकर्मियों और 5 व्यक्तियों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया है। पुलिस मामले में छानबीन कर करवाई कर रही है।

### पटना के फ्लैट में चल रहा था सेक्स रैकेट



**पटना** के एक फ्लैट में सेक्स रैकेट चल रहा था। फ्लैट पुलिसकर्मी के नाम पर है। फ्लैट के गेट पर राजद नेत्री का बोर्ड लगा हुआ था। पुलिस को सूचना मिली थी कि गर्दनीबाग इलाके के एक फ्लैट में देह व्यापार का खेल चल रहा। जहां छापेमारी के दौरान पुलिस ने नाबालिग को बरामद किया। नाबालिग ने पूरे सेक्स रैकेट का खुलासा किया। नाबालिग ने बच्ची देवी नामक महिला पर जबरन देह व्यापार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उससे जबरन देह व्यापार कराया जाता था। विरोध करने पर जान से मारने और बेचने देने की धमकी दी जाती थी।ु लवारी थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की चितकोहरा इलाके में दाई का काम किया करती थी। एक सप्ताह से वह घर नहीं पहुंची थी। परिजन समझ रहे थे कि जहां काम कर रही है। वहां से छुट्टी नहीं मिली होगी। लेकिन जब पीड़ित परिजनों ने मालकिन से पूछताछ किया तो पता चला कि वह एक सप्ताह से काम पर ही नहीं पहुंची है। जिसके बाद परिजन उसे ढूंढने में लग गए, लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चला। तभी अचानक शनिवार शाम पीड़िता का फोन उसके भाई के मोबाइल पर आया। उसने कहा कि चितकोहरा इलाके में एक महिला ने मुझे जबरन कैद कर रखा है और मुझसे गलत काम करवाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अपार्टमेंट में पहुंचे। जहां फ्लैट के बाहर बच्ची का चप्पल देखी। परिजन ने वहीं शोर मचाना शुरू कर दिया। हंगामा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। बाद में परिजनों ने ही मामले की सूचना डायल 112 को दी। जहां पुलिस एक महिला को पूछताछ के लिए गर्दनीबाग थाने लाई। पूछताछ के दौरान मामले का खुलासा हुआ।

### रांची-पटना के बीच जून में चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस



25 अप्रैल की तारीख पार हो गई। लेकिन, रांची और पटना के बीच सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत की शुरूआत अभी नहीं हो सकी है। इस ट्रेन से सफर करने के लिए बिहार-झारखंड के लोगों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि, मई का महीना अपने अंतिम पड़ाव पर है। जून महीने की शुरूआत होने वाली है। इसका नंबर गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी के बीच शुरू हो रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के बाद आ जाएगा। इस बात पर पूर्व मध्य रेलवे के उढफ्ड वीरेंद्र कुमार ने भी अपनी हामी भरी है। इनके अनुसार इस बात की पूरी संभावना बन चुकी है। इसके लिए रेलवे की तैयारी भी चल रही है। ये तैयारी सारे स्तरों पर सक्षम तरीके से हो रही है। लेकिन, इस नए सेमी हाई स्पीड ट्रेन की शुरूआत की तारीख अभी तय नहीं हुई है। वंदे भारत एक्सप्रेस को रांची-पटना के बीच नए रूट से ही चलाने जाने की भी उम्मीद है। इसके तय स्पीड के बारे में अभी बताया नहीं गया है। पर जनशताब्दी एक्सप्रेस समेत पटना-रांची के बीच चलने वाली दूसरी ट्रेनों के मुकाबले वंदे भारत एक्सप्रेस की स्पीड काफी अधिक होगी। इस कारण इस रूट के रेलवे ट्रैक को ठीक किया जा रहा है। उसे मेंटेन किया जा रहा है। ताकि इसके स्पीड का बुरा असर रेलवे ट्रैक पर न पड़े। रांची से पटना आने पर इस ट्रेन का मेंटेनेंस राजेंद्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स में होगा। इसके लिए वहां के वाशिंग पीट को ठीक किया जा रहा है। पटना जंक्शन के स्टेशन डायरेक्टर राजू कुमार के अनुसार अभी तक वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने की अधिकारिक सूचना नहीं आई है। लेकिन, इसका चलना तय है। इसके लिए तैयारी हो रही है। रूट को ठीक कराने का काम चल रहा है। पटना आने पर ट्रेन के मेंटेनेंस के लिए राजेंद्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स में स्टाफ्स को ट्रेनिंग दी जा रही है।

### बिहार में बढ़ने लगी गर्मी 31 जिलों में बढ़ा तापमान

**बिहार** में एक बार फिर से गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में पछुआ हवा का प्रभाव बनने लगा है। इसके कारण अगले 5 दिनों तक प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में भी 2 से 5 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। अगले 5 दिनों में कई जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है। इस वजह से लू और हीट वेव की भी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। फिलहाल मौसम विभाग की ओर से लू और हीट वेव को लेकर कोई भी चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं, रविवार को पटना समेत प्रदेश के 31 जिलों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो औरंगाबाद जिला सबसे गर्म रहा है। यहां का अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं राजधानी पटना का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के 31 जिलों के अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। 40.3 डिग्री सेल्सियस के साथ औरंगाबाद जिला सबसे गर्म रहा है। पटना का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस, नालंदा का 37.8 डिग्री, गया 39.7 डिग्री, नवादा का 38.4 डिग्री, शेखपुरा 37.6 डिग्री, जमुई 37.8 डिग्री, भोजपुर 38.4 डिग्री, रोहतास 39 डिग्री, मोतिहारी 37 डिग्री। इसके अलावा दरभंगा, वैशाली, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, बांका, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण समेत अन्य जिलों का पारा 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

# लोगों का भरोसा जिंदा है

भारत-चीन लड़ाई हो या भारत-पाकिस्तान युद्ध या फिर कोरोना से जंग का कठिन दौर, प्रेस ने प्रत्येक ऐसे विकट अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है। कहना गलत नहीं होगा कि इसमें हिन्दी पत्रकारिता का स्थान सर्वोपरि है। चाहे हिन्दीभाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिन्दी के समाचार पत्र और पत्रिकाओं की, देश की बहुसंख्य आबादी के साथ उसका विशेष जुड़ाव रहा है। इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हिन्दी पत्रकारिता के 197 वर्ष के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं। बावजूद इसके सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रुचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और कुछ अंग्रेजीदां पत्रकारों ने सदैव उसकी प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिश की। फिर भी पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने प्रसार संख्या में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है। हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई, 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन के साथ हुई थी। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे। उदन्त मार्तण्ड 30 मई, 1826 को कलकत्ता (अब कोलकाता) से पहली बार साप्ताहिक के रूप में शुरू किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रति छापी गई थीं। तब कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी। संसाधनों की भी कमी थी। इस वजह से 04 दिसम्बर 1826 से उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन बंद कर दिया गया। लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी, जिसने बाद में अनेक आयाम स्थापित किए हैं। उदन्त मार्तण्ड के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र और पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए। इनमें से कुछ ने सराहनीय सफर तय किया। आजादी के बाद परिस्थितियां बदलीं। हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर बड़ा व्यवसाय बन गई है। अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक और दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं। तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता आम जनजीवन का अभिन्न अंग बनी हुई है। अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण भी उपलब्ध हैं। विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पदार्फाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फेंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है। इसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता। वर्तमान में हर क्षेत्र में नैतिक मूल्यों में आई बड़ी गिरावट से पत्रकारिता जगत भी अछूता नहीं है। फिर भी इतना संतोष तो किया ही जा सकता है कि अधिकांश अवसरों पर प्रेस ने सराहनीय भूमिका निभाई है। हालांकि आज के पूर्ण व्यावसायिकता के दौर में पत्रकारिता को अव्यावसायिक बनाए रखने की बात करना बेमानी होगा। इसकी वजह यह है कि इससे जुड़े लोगों को भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाने की विवशता है। मगर एक वर्ग अब भी पत्रकारिता के मानदंडों के दायरे में रहकर सत्य का दीपक प्रज्वलित कर रहा है।

## पत्रकारिता और भारतीय जनमानस



रचना रश्मी
असिस्टेंट प्रोफेसर
श्रीनाथ विश्वविद्यालय जमशेदपुर झारखंड।

भारत एक विशाल देश है जहां की जनसंख्या विश्व में दूसरे नंबर पर आती है और यह विविधताओं से भरा हुआ देश भी है । अलग-अलग संस्कृति के लोग यहां रहते हैं नित प्रतिदिन इस विशाल जनसमूह के देश में घटनाएं घटती रहती हैं , कही त्योहारो की धूम है तो कहीं वैचारिक मतभेद से विवाद उठ खड़ा होता है । हम अपने घरों में बैठे दूरदर्शन, रेडियो और समाचार पत्रों जैसे संचार साधनों से इन घटनाओं से अवगत होते हैं । इन संचार साधनो की मेरूदंड पत्रकारिता होती है। समाचार पत्र , रेडियो तथा दूरदर्शन पत्रकारिता की वजह से जनता मे अपनी उपयोगिता बनाए हुए है इसलिए आज यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुके हैं । सुबह होते ही हम समाचार पत्रों की ओर हाथ बढाते हैं , क्योंकि हम जानना चाहते है कि देश दुनिया में क्या हो रहा है पत्रकारिता ने हमें जागरूक बनाया है। पत्रकार बंधुओं के ईमानदार प्रयास का परिणाम है कि जनता केंद्र तथा राज्य सरकार के कार्यों को जान और समझ पाती है भारतीय जनमानस पत्रकारिता का ऋणी है जो हमेशा जनता को सच का सामना करवाती आई है । पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार भाईयो को हार्दिक बधाई।

# भारत की वैश्विक भूमिका के नायक PM MODI

ANALYSIS



विष्णु दत्त शर्मा

नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर आज दुनिया में एक ऐसे ही महान देश के असाधारण नेता माने जाते हैं। इसका भी ताजा उदाहरण हमें उनके गत विदेश दौरे में देखने को मिला, जब पापुआ न्यू गिनी के बाद हमारे पीएम ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। 23 मई को कुडोस बैंक एरिना में बीस हजार लोगों के जनसैलाब के समक्ष ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने नरेन्द्र मोदी को बॉस बताया। उन्होंने कहा- मोदी इज द बॉस। किसी समकक्ष नेता के मुंह से ऐसे वाक्य यूं ही नहीं निकलते, इसके लिए सामने किसी विराट व्यक्तित्व का होना अपरिहार्य है। इसलिए पिछले नौ साल में मोदी जी की लगभग 65 देशों की यात्राओं से हटकर इन घटनाओं को देखना चाहिए। यह विदेश यात्रा तो इसलिए भी बहुत मायने रखती है कि इस दौरान हमारे लोकप्रिय असाधारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिजी और पापुआ न्यू गिनी के सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया गया। ये सम्मान उन्हें ग्लोबल साउथ के विषयों को आगे बढ़ाने और उनके वैश्विक नेतृत्व के लिए दिया गया है।

कुछ दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जब जापान में हुई जी-7 की बैठक के बाद इंडो-पैसिफिक देश पापुआ न्यू गिनी पहुंचे, तब वहां के इतिहास में तीन अद्वितीय घटनाएं हुईं। एक तो यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा इंडो-पैसिफिक देश का पहला दौरा था और दूसरा यह कि पापुआ न्यू गिनी ने पहली बार सूर्यास्त के बाद आने वाले किसी भी नेता का औपचारिक स्वागत किया। जबकि पापुआ न्यू गिनी की परंपरा में सूर्यास्त के बाद किसी का औपचारिक स्वागत करने की परंपरा नहीं है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री का वहां न केवल औपचारिक स्वागत किया गया, बल्कि एयरपोर्ट पर पारंपरिक लोकनृत्य का भी आयोजन किया गया। तीसरी अहम घटना थी पोर्ट मोरेस्बी एयरपोर्ट पर पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे द्वारा नरेंद्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद मांगना। शायद ही ऐसा कभी हुआ है कि एक राष्ट्राध्यक्ष ने दूसरे किसी राष्ट्राध्यक्ष का सार्वजनिक रूप से पैर छूकर आशीष लिया हो। अपने अग्रज के आदरपूर्वक पैर छूकर आशीष लेने के सांस्कृतिक अभिवादन व अभिव्यक्ति को किसी दूसरे देश द्वारा अपने व्यवहार में लाना, हम सभी भारतीयों के लिए गौरव तो है ही हमारी सांस्कृतिक आस्थाओं को भी दुनिया में स्थान मिलने का प्रमाण है। इसलिए तीनों घटनाएं सामान्य नहीं हैं।

आधुनिक युग में राष्ट्राध्यक्षों के स्वागत मेजबान देश के प्रोटोकॉल के अनुसार ही नियोजित किए जाते हैं। उनमें कोई बड़ा बदलाव तभी होता है, जब सामने वाला राष्ट्राध्यक्ष भी किसी महान देश और उसकी विरासत का असाधारण नेतृत्व करने वाला हो। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर



आज दुनिया में एक ऐसे ही महान देश के असाधारण नेता माने जाते हैं। इसका भी ताजा उदाहरण हमें उनके गत विदेश दौरे में देखने को मिला, जब पापुआ न्यू गिनी के बाद हमारे पीएम ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। 23 मई को कुडोस बैंक एरिना में बीस हजार लोगों के जनसैलाब के समक्ष ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने नरेन्द्र मोदी को बॉस बताया। उन्होंने कहा- मोदी इज द बॉस। किसी समकक्ष नेता के मुंह से ऐसे वाक्य यूं ही नहीं निकलते, इसके लिए सामने किसी विराट व्यक्तित्व का होना अपरिहार्य है। इसलिए पिछले नौ साल में मोदी जी की लगभग 65 देशों की यात्राओं से हटकर इन घटनाओं को देखना चाहिए। यह विदेश यात्रा तो इसलिए भी बहुत मायने रखती है कि इस दौरान हमारे लोकप्रिय असाधारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिजी और पापुआ न्यू गिनी के सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया गया। ये सम्मान उन्हें ग्लोबल साउथ के विषयों को आगे बढ़ाने और उनके वैश्विक नेतृत्व के लिए दिया गया है। फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी दिया जो बहुत ही कम बाहरी लोगों को दिया गया है। भारतीय प्रशांत द्वीप देशों की एकता और ग्लोबल साउथ लक्ष्यों की अगुवाई करने के लिए पापुआ न्यू गिनी ने भी मोदी जी को कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू से सम्मानित किया। जाहिर सी बात है कि ग्लोबल साउथ यानी गैर यूरोपीय (लगभग 100) देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में अपना नायक देख रहे हैं।

यह उनके नेतृत्व कौशल का ही कमाल है कि नौ साल के कार्यकाल में अमेरिका, रूस और मिडिल ईस्ट समेत कई देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया है। वर्ष 2016 में सऊदी अरब ने गैर-मुस्लिम गणमान्य को दिए जाने वाले अपने सर्वोच्च सम्मान अब्दुलअजीज अल सॉद से सम्मानित किया था। अफगानिस्तान ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान गाजी अमीर अमानुल्लाह खान से नवाजा। 2018 में फिलिस्तीन ने मोदी को विदेशी गणमान्य नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान ग्रांड कॉलर ऑफ द स्टेट दिया। संयुक्त अरब अमीरात ने भी 2019 में अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान जायेद मेडल से मोदी का सम्मान किया। इसी कड़ी में दुनिया की बड़ी शक्ति रूस ने भी 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान सेंट एंड्रू अवॉर्ड से सम्मानित किया तो बहरीन ने 2019 में किंग हमाद ऑर्डर ऑफ दि रेनेसां दिया, जो खाड़ी देशों का सर्वोच्च सम्मान है। मालदीव ने किसी भी विदेशी नागरिक को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान 2019 में निशान इज्जुद्दीन अवॉर्ड मोदी को दिया। अमेरिकी सरकार ने 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका सशस्त्र बलों के लिए उत्कृष्ट सेवाओं और उपलब्धियों के प्रदर्शन में असाधारण आचरण के लिए दिया जाने वाला लीजन ऑफ मेरिट अवार्ड मोदी को प्रदान किया। पड़ोसी देश भूटान भी उन्हें 2021 में सर्वोच्च नागरिक अलंकरण ऑर्डर ऑफ दि ड्रुक गियल्पो से सम्मानित कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उन्हें2018 में सियोल पीस प्राइस से नवाजा गया था।

वैश्विक सम्मान की ऐसी शृंखला यह जाहिर करती है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारा देश दुनिया में बड़ी भूमिका निभाने की इबारत लिख चुका है। दुनिया समझ रही है कि महान देश भारत को एक असाधारण नेतृत्व मिला है, जिसने अपने देश के पुराने गौरव को वापस लाने में भगीरथ भूमिका निभाई है। यह कोई साधारण बात नहीं है कि जब 2014 में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब हमारी योग परंपरा को वैश्विक स्वीकृति मिली और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत हुई। 2014 में ग्लोबल इकोनॉमी में भारत दसवें स्थान पर था, जो कि 2022 में ब्रिटेन को बाहर करके पांचवें स्थान पर आ गया। अब जर्मनी को पछाड़कर यह चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत की यह शक्ति उसके असाधारण नेतृत्व के कारण बढ़ी है। इसलिए दुनिया के नेताओं ने मोदी के करिश्माई नेतृत्व को परख लिया है एवं उन्हें नरेंद्र मोदी में विश्व का नेतृत्वकर्ता दिखाई देता है।

सदियों से भारत विश्व को राह दिखाने वाला राष्ट्र रहा है। इसीलिए यह विश्व गुरु की भूमिका निभाने का अधिकारी भी रहा। हर कालखंड में दुनिया के देशों ने भारत से वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा रखी है, परन्तु दशकों से भारत को इस भूमिका को निभाते हुए नहीं देखा गया। लेकिन 2014 के बाद बदलते भारत को देखकर विश्व ने भी यह अनुभव किया है कि अब यह देश नए नेतृत्व के साथ नई भूमिका में आ गया है। चाहे वह पड़ोसी देशों के विवाद हों, विश्व आपदाएं हों, सामरिक चुनौतियां हों या आर्थिक मोर्चा, सारे मामलों में भारत का अब निजी नजरिया और निर्णय होता है। यह नजरिया इसके नेतृत्व की कार्यशैली से सिद्ध हुआ है। आतंकवादको कुचलने के लिए भारतीय सेना अब पाकिस्तान में घुसकर स्ट्राइक करती है। मोदी सरकार अपने सैनिक अभिनंदन को बिना शर्त तत्काल वापस लाती है। विश्व शक्तियों की आंख में आंख डालकर भारत ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को विदा कर दिया। श्रीराम मंदिर जैसे मसलों का हल निकाल कर दुनिया को अपनी अंदरुनी ताकत का एहसास भी करा दिया।

सदी के सबसे बड़े मानवीय संकट (कोविड) में अनेक देशों को वैक्सीन देकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना और विश्व गुरु की भूमिका को चरितार्थ करने वाले नेतृत्व को दुनिया ने देखा है। देश में मुफ्त वैक्सीन का अनूठा अभियान भी दुनिया देख चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सक्षम-समर्थ भारत अपनी वैश्विक भूमिका के साथ आगे बढ़ रहा है।

**(लेखक, मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।)**

# गंगा की लहरों पर भारत की अमर कहानी

रतीय सभ्यता और संस्कृति को जीवंत बनाने में यदि किसी का सर्वाधिक योगदान है तो वह हैं गंगा। गंगा सिर्फ नदी नहीं हैं, वह जीवनदायिनी हैं। गंगा की पवित्र लहरों में भारत की अमर कहानी अंकित है। सभ्यता और संस्कृति को सर्व लोक उपकारी बनाने की प्रेरणा गंगा की लहरों ने ही मानव हृदय को दी है। भारत में गंगा की निर्मल धारा प्राचीन काल से ही अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह धरती पर बहकर भी देवताओं की नदी है। गंगा लोक की सुख-समृद्धि की विधात्री हैं। ऋषि, संत और मुनि जिन सात नदियों का स्मरण स्नान के समय करते हैं, उनमें सर्वप्रथम गंगा का ही नाम आता है। 'गंगे चै यमुने चौव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन्‍ सन्निधिं कुरु।' नदियों में पवित्रता एवं महात्म्य की दृष्टि से गंगा का स्थान सर्वोच्च है। गोमुख से लेकर गंगा सागर तक गंगा की अजस्त्र वाहिनी पावन धारा से कितने ही नर, नारी, पशु, कीट, पतंग, जलचर, नभचर आदि जीव-जंतु अपना एहिक और पारलौकिक कार्य करते हैं। जो लोग नित्य गंगा में स्नान करने का पुण्य अवसर नहीं निकाल पाते हैं, वह दर्शन, स्पर्श एवं आचमन करने के लिए थोड़ा सा गंगाजल अपने घरों में रखते हैं। पूजन आदि के समय गंगा जल के अभाव में केवल गंगा का नाम स्मरण ही अनेक जन करते हैं। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जो हजारों योजन दूर से पावन शब्द गंगा का स्मरण करता है, वह अपने सभी पातकों से मुक्त होकर विष्णुलोक को चला जाता है। प्रतिदिन असंख्य व्यक्तियों द्वारा संस्मृत, ध्यानावस्थित, पूजित, मज्जित एवं पीत, गंगा की महिमा की समानता विश्व में अन्य नदी से नहीं हो सकती। यही कारण है कि प्राचीनकाल से लेकर अब तक गंगा की महिमा से संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, अरबी, फारसी आदि साहित्य का जितना आंचल भरा गया है, उतना किसी अन्य नदी की महिमा से नहीं। सहस्त्रों वर्षों से गंगा देश के कण-कण में व्याप्त है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हिमालय की औषधियों का ऐसा विचित्र प्रभाव है, जिसके कारण गंगा जल में कीटाणु नहीं पड़ते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पुण्य सलिला गंगा भगवान विष्णु के पदनख से निकलने के कारण समस्त लौकिक एवं पारलौकिक रोगों तथा पापों को हरने वाली हैं। गंगा तट वासियों को तो हमेशा यह स्तोत्र याद रहता है कि 'गंगे तव दर्शनान्मुक्तिः।' दर्शन, स्नान तथा पान करने से दैहिक, दैविक एवं भौतिक ताप नष्ट करने की अमोघ शक्ति गंगा जल में सदैव से विद्यमान रही है। जो पाप एवं रोग दोनों को समाप्त कर देती है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है 'कहि-कहि कोटिक कथा प्रसंगा, राम विलोकहि गंग तरंगा।' उन्होंने तो एक ही चौपाई में गंगा के संबंध में वह सब कह दिया है जो प्राचीन काल से लोग आज तक कहते चले आए हैं 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनी हरनि सब सूला।' सनातन धर्मावलंबियों ने गंगा को माता कहा है। यह माता ही नहीं लोक माता भी हैं। अखिल ब्रह्माण्ड व्यापक जग के विधाता, पोषक एवं संहारक ब्रह्मा, शंकर एवं विष्णु के द्रव रूप में भागीरथी हिन्दुओं के मानस पटल पर ऐसा प्रभाव डालती हैं कि कोई भी हिन्दू समाज गंगा को न तो नदी के रूप में देखता है और न किसी के मुख से यह सुनना चाहता है कि गंगा नदी है। उसकी तो अंतिम इच्छा होती है कि मृत्यु के समय उसके मुख में एक बूंद भी गंगा जल चला जाए तो उसका मानव जीवन सफल हो जाएगा।

रहीम कहते हैं कि 'हे मां गंगा, तू अपने भक्तों को या तो विष्णु बना देती हो या शिव, मेरी प्रार्थना है कि मुझे कभी भी विष्णु मत बनाना, मुझे शिव ही बनाना। जिससे मैं हमेशा आपको अपने सिर पर ही रखूं। विष्णु बनने पर पैरों में रखना होगा। रहीम के अतिरिक्ति ताज, मीर आदि की गंगा विषयक सूक्तियां भी हृदय तंत्र को झंकार देती हैं। गंगा केवल शारीरिक एवं भौतिक सन्तापों को ही शान्त नहीं करती हैं, बल्कि आन्तरिक एवं आध्यात्मिक शान्ति भी प्रदान करती है। प्राचीनकाल से ही भारत की राजधानियों को बसाने वाली गंगा कितने ही राज्यों के आविर्भाव, उत्थान और पतन की साक्षी रही हैं। बड़े-बड़े साम्राज्यों का वैभव विलास इसके पवित्र तट पर ही संभव हुआ है। इसी के कूल कगारों पर आर्य सभ्यता ने अपने उन्नति के स्वर्णिम दिन देखे हैं। हस्तिनापुर, कान्यकुब्ज, प्रतिष्ठानपुर, काशी, पाटलीपुत्र, चम्पा तथा बंगाल आदि प्राचीन ऐतिहासिक राजधानियों ने अपना गौरवपूर्ण इतिहास इन्हीं के तट पर रचा है। सम्पूर्ण भारत वर्ष का चौथाई हिस्सा गंगा के तट पर आज भी निवास करता है। अनादिकाल से लेकर लोकोत्तर पवित्रता एवं शुभ भावना के उदय का जो चमत्कार गंगा जल में है, वह किसी अन्य जल में नहीं है। किसी जल को जब गंगा अपने जल में मिलाती हैं तो सभी जल गंगामय हो जाते हैं। तीर्थराज प्रयाग के संगम स्थल पर यह प्रत्यक्ष अनुभव होता है। गंगा से कई गुना अधिक जल रखने वाली नीली यमुना गंगा में मिलते ही अपना अस्तित्व खो देती हैं। सभी सम्प्रदायों एवं धर्मों के अनुयायियों ने गंगा का समान आदर किया है। शैव लोग गंगा को भगवान शंकर की जटा में विराजमान मानकर अपने सम्प्रदाय की ईष्टदेवी मानते हैं। वैष्णवों की तो गंगा परम आराध्य देवी हैं। शाक्त सम्प्रदायों में भी गंगा को अनादि शक्ति का एक रूप मानकर परम आराध्य स्वीकार किया गया है।स्वामी शंकराचार्य, रामानुज, बल्लभाचार्य, रामानन्द, कबीर, तुलसी, चैतन्य, महाप्रभु आदि आचार्यों तथा संतों ने तो गंगा को अपनी साधना का अविभाज्य अंग स्वीकार किया है। कुल मिलाकर गंगा पुरुष रूप में ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं। स्त्रीरूप में उमा, रमा तथा सरस्वती हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



मैसूर में एक सड़क दुर्घटना में बच्चों सहित लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करतीं हूं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



दो दिन पहले मैंने कहा था कि कांग्रेस पार्टी को आदिवासियों की इतनी चिंता है तो उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में एक आदिवासी महिला के विरुद्ध उम्मीदवार क्यों उतारा? इसपर कई लोगों ने कहा कि यह तो संवैधानिक व्यवस्था है और चुनाव तो होता ही है इसमें क्या है? यह जवाब देने वाले शातिर लोग हैं, वे चतुराई से बात को घुमा रहे हैं। सवाल चुनाव का है ही नहीं, सवाल है प्रतिबद्धता का, सामाजिक भागीदारी, न्याय, अधिकार और अवसर का। देश के इतिहास में अब तक कोई आदिवासी समाज का प्रतिनिधि राष्ट्र के सर्वोच्च पद पर नहीं बैठा, अगर कांग्रेस वास्तव में आदिवासी हितों की रक्षा के लिए चिंतित है तो एक आदिवासी के विरुद्ध उम्मीदवार क्यों दिया? राजनैतिक मयार्दाएं कहाँ गईं? आप जब आदिवासियों का सशक्तिकरण चाहते हैं, उनकी सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी चाहते हैं तो उन्हें व्यवस्था का हिस्सा बनाइये या उनकी मदद कीजिए, लेकिन एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने का कांग्रेस ने कुत्सित प्रयास किया। इसीलिए मैं कहता हूं कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम मात्र ढकोसला, पाखंड और छलावा है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# ONLINE GAME का मकड़जाल

ऑनलाइन गेम के प्रति बढ़ती दुनिया की दीवानगी चिंतनीय है। आज ऑनलाइन गेमिंग की ग्रोथ रेट यानी कि इसके प्रति लोगों का रुझान 12 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। नित नए गेम मार्केट में आ रहे हैं। दिन प्रतिदिन नए लोग इनके मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। बच्चे तो बच्चे अब तो महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। लुमिकाई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार आर्नॅनलाइन गेमिंग में महिलाओं के हिस्सेदारी बढ़ते-बढ़ते 43 फीसदी का आंकड़ा छू गई है। दरअसर ऑनलाइन गेमिंग के जहां बुद्धि कौशल विकास के फायदे बताए जा रहे हैं, वहीं नुकसानों की गिनती की जाए तो वह कहीं ज्यादा है। यहां तक कि गेमिंग के चक्कर में कई बच्चे और युवा जिंदगी तक दांव पर लगा रहे हैं। यह वास्तव में चिंतनीय और गंभीर हो जाता है। साठ के दशक में रुडोल्फ हेनरिक बेयर ने ऑनलाइन गेमिंग की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पहला गेम बनाया था। तब शायद ही यह बात उनके जेहन में आई होगी कि कुछ ही समय में यह गेमिंग का सिलसिला इतना लोकप्रिय हो जाएगा कि पूरी तरह से बिजनेस का आकार ले लेगा। देखा जाए तो ऑनालाइन गेमिंग की सहज एक्सिबिलिटी ने भी इसे लोकप्रिय बना दिया। गेम कंसोल की बात करें तो प्लेस्टेशन, एक्सबॉक्स, निंटेंडों, पीसी, लेपटॉप, मोबाइल आदि में सहजता से खेलने की सुविधा होने से गेमों के प्रति लोगों की लोकप्रियता भी बढ़ी है। जानकारों का मानना है कि ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया में आज कुछ सौ या हजार नहीं अपितु आठ लाख 31 हजार गेम प्रचलन में बताए जा रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग का यह कारोबार 2025 तक पांच बिलियन डालर तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। विशेषज्ञ 28 से 30 प्रतिशत सालाना ग्रोथ रेट के साथ इस कारोबार में बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त जता रहे हैं। दर असल ऑनलाइन गेमिंग से अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है। चिंता का विषय यह है कि अब तक ऑनलाइन गेमिंग के जाल में बच्चे और युवाओं को ही पिसते हुए देखा जा रहा था। अब तो महिलाएं भी इस जंजाल में फंस रही हैं। भारत में करीब 50 करोड़ लोग इसकी जद में आ गए हैं। इनमें 55 फीसदी पुरुष, 43 फीसदी महिलाएं है और केवल 2 प्रतिशत लोग ही अन्य हैं। दिक्कत यह है कि भले ही कुछ गेम मानसिक तनाव को कम करने या बुद्धि कौशल बढ़ाने में सहायक हों पर बहुत से गेम ऐसे भी है जो संवेदनशील बच्चों-युवाओं को मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। कुछ गेम पूरी तरह से जुआ पर आधारित हैं। इनमें ठगी और छलावा भी तेजी से हो रहा है। एक तरह से इस तरह के गेम जुआ या लॉटरी जैसे ही हैं। इसमें गेम जीतने वालों को भारी भरकम राशि मिलने का सपना दिखाया जाता है। जीतने के बाद भी लोग अपने को ठगा महसूस करते हैं। कुछ गेमों में टास्क दर टास्क इस कदर हावी हो जाता है कि गेम खेलने वाले सबकुछ भूल कर उसी में खो जाते हैं। ऑनलाइन गेमिंग में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी को लैंगिक असमानता के रूप में नहीं देखते हुए इससे होने वाले नुकसान या दुष्प्रभाव के आईने में देखना होगा। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि बहुत सारे इस तरह के गेम भी बाजार में आ रहे हैं जो मन पर विपरीत प्रभाव ड़ालते हुए मनोदशा को प्रभावित करते हैं। यहां तक कि आक्रोश, हिंसा, कुंठा, संवेदनहीनता, कूता जैसी भावनाएं बढ़ाते हैं। देखा जाए तो यह एक तरह का नशा है और इस तरह का नशा कहीं न कहीं मनोदशा को बुरी तरह से प्रभावित करता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि कुछ गेम रिलैक्स कराने या बुद्धिकौशल बढ़ाने में सहायक हैं पर बाकी तनाव ही बढ़ाते हैं। इसलिए इन पर नजर रखने के लिए नियामक संस्था का होना जरूरी है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



गुड गवर्नेंस तभी कहा जा सकता है जब आम नागरिकों की जरूरतों को पूरा किया जाए। न केवल पूरा किया जाए बल्कि उच्च स्तरीय गुणवत्ता वाली व्यवस्था होनी चाहिए। अपने राज्य की बात करें तो और स्थानों की कौन कहे, राजधानी के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। यहां रोज ही लोग उन समस्याओं से जूझते समय काट देते हैं जो उन्हें सहज तरीके से मिलनी चाहिए। बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा बेसिक जरूरतों में शामिल हैं। अब इनमें से आप खुद ही सोचिए कि राजधानी में कौन-कौन सी व्यवस्था सहज और व्यवस्थित तरीके से लोगों को मिल रही है। शायद सभी में जवाब ना में ही होगा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल-जल की क्या स्थिति है यह कोई बतानेवाला भी नहीं है। बिजली की बात कही जाए तो खुद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त ताकीद कर रखी है कि लोगों को हर हाल में चौबीस घंटे बिजली मिले। स्थिति क्या है वह सबके सामने है। सड़क जाम से जूझना तो इस शहर के लोगों की नीयति बन गई है। शिक्षा की बात करें तो माध्यमिक शिक्षा में अच्छे प्रदर्शन की बात पर पीठ ठोकी जा सकती है। लेकिन जरा सोचिए अच्छे स्कूल कितने हैं। जो तथाकथित अच्छे स्कूल हैं भी तो उनमें क्या आम आदमी अपने बच्चों को पढ़ा सकता है। एक तो एडमिशन होना ही मुश्किल है। किसी प्रकार हो भी जाए तो भारी-भरकम फीस कितने लोगों के बस की बात होगी। तमाम कोशिशों के बावजूद सरकारी स्कूलों की स्थिति में अपेक्षा के अनुरूप सुधार नहीं हो रहा है। फिलहाल उस दिन का इंतजार की करना होगा जब हम कह सकेंगे कि यहां गुड गवर्नेंस है।

**एस अली, अध्यक्ष झारखंड छात्र संघ।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल की एक दिन की देरी ने खराब किया भारतीय टीम का गणित

## डब्ल्यूटीसी को लेकर सामने आई परेशानी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कई खिलाड़ी इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में खेल रहे है। आईपीएल के 16वें सीजन का फाइनल मुकाबला जो 28 मई को खेला जाना था वो बारिश के कारण एक दिन आगे बढ़ गया है। अब 29 मई को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स दोनों टीमों में से एक टीम का चयन जरुर मिल जाएगा।

अगर 29 मई को भी अहमदाबाद में बादल छाए रहे या बारिश हुई और रविवार की तरह मैच नहीं खेला जा सक तो गुजरात को विजेता घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि आईपीएल का मुकाबला सिर्फ एक ही दिन आगे बढ़ा है मगर इससे पूरी भारतीय टीम के माथे पर परेशानी की लकीरें उभर आई है। एक दिन आईपीएल का मुकाबला आगे बढ़ने से भारतीय टीम का पूरा शेड्यूल तितर बितर हो गया है। वहीं आईपीएल का फाइनल मुकाबला एक दिन आगे बढ़ने से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल मुकाबले पर सीधा असर पड़ेगा क्योंकि इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ी तय समय पर इंग्लैंड नहीं पहुंच सकेंगे।

आईपीएल का फाइनल मुकाबला अगर 28 मई को हुआ होता तो भारतीय टीम 29 मई को इंग्लैंड के लिए रवाना हो गई होती। हालांकि ऐसा नहीं हो सका है। वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और उसके बाद रोहित शर्मा इंग्लैंड पहुंच गए है। यानी जिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए आईपीएल खत्म हो गया है वो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड पहुंच चुके है।

बता दें कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में खेलने वाले शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी अब तक इंग्लैंड नहीं जा सके है क्योंकि तीनों ही खिलाड़ी गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के अहम खिलाड़ी हैं जिन्हें फाइनल मुकाबले में होना जरुरी है। माना जा रहा था कि सभी खिलाड़ी 29 मई को फाइनल मुकाबला खेलने के बाद रवाना हो जाएंगे मगर इस पूर शेड्यूल में अब एक दिन का अंतर देखने को मिलेगा। इसके बाद पूरी भारतीय टीम एक साथ आ सकेगी।

बता दें कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड के द ओवल मैदान में सात जून से होना है। इस मुकाबले के लिए लगभग पूरी भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है। हालांकि आईपीएल के कारण भारतीय टीम के कुछ



खिलाड़ी अब तक इंग्लैंड नहीं पहुंच सके है। जानकारी के अनुसार कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल भी इंग्लैंड पहुंच चुके है। बता दें कि यशस्?वी जायसवाल को स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर ले जाया गया है।

# मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एफबीके खेलों से हटे नीरज चोपड़ा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गत ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को कहा कि उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है और एहतियाती तौर पर वह अगले महीने होने वाले एफबीके खेलों से हट रहे हैं। दुनिया के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा ने ट्विटर पर लिखा, ''हाल में ट्रेनिंग के दौरान मेरी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। चिकित्सा आकलन के बाद मैंने और मेरी टीम ने ऐसे किसी भी जोखिम से बचने का फैसला किया जिससे चोट बढ़ जाए।'' उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से इसका मतलब है कि मुझे हेंगेलो (नीदरलैंड) में होने वाले एफबीके खेलों से हटना होगा।''

विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता फैनी ब्लेंकर्स कोएन खेल नीदरलैंड के हेंगेलो में चार जून को होने हैं। पांच मई को दोहा डाइमंड लीग में 88.67 मीटर की दूरी के साथ खिताब जीतकर सत्र की शानदार शुरुआत करने वाले 25 साल के चोपड़ा के 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू में होने वाले पावो नुर्मी खेलों के साथ वापसी करने की उम्मीद है। नीरज ने कहा, ''चोटें सफर का हिस्सा हैं लेकिन यह कभी आसान नहीं होता। मैं उबर रहा हूं और जून में ट्रैक पर वापसी को लक्ष्य बनाया है।

# अभ्यास मैच नहीं खेलने के सवाल पर बोले कैरी, हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने को लेकर उठ रहे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस बारे में बाद में बात की जा सकती है। कैरी ने साथ ही कहा है कि उन्हें अपनी टीम की तैयारियों पर भरोसा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ सात जून से ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगी पर इससे पहले कोई अभ्यास मैच नहीं रखे जाने से दिग्गज खिलाड़ियों ने नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि इसी कारण टीम को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में नुकसान हुआ था। कैरी ने कहा, ''सभी खिलाड़ियों की हाल के दिनों में व्यक्तिगत प्रतिबद्धताएं थी। हमारे कुछ खिलाड़ी यहां इंग्लैंड में क्रिकेट खेल रहे थे। कुछ खिलाड़ी आईपीएल में व्यस्त थे तथा कुछ खिलाड़ी अपने परिवार के साथ समय बिता रहे थे। उन्होंने कहा, 'अब हम यहां एक साथ मिलकर टेस्ट चैंपियनशिप में खेलने को लेकर उत्साहित हैं तथा मुझे लगता है कि अभ्यास मुकाबला खेलना चाहिये या नहीं इस बारे में हम बाद में बात कर सकते हैं। कैरी ने कहा,'' एक खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि हम पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं इसलिए मुझे लगता है अभ्यास मैच नहीं खेलना उन चीजों में से एक होगा जिन पर टेस्ट मैच के बाद बात की जा सकती है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को भारत के खिलाफ श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा पर पर उसने एक मैच जीता था। उन्होंने कहा,'' हमने उस दौरे से काफी कुछ सीखा तथा पहले दो मैच हारने के बाद हमने इंदौर में जीत दर्ज की और फिर अंतिम टेस्ट मैच ड्रॉ कराया। इससे हमारे इरादों का पता चलता है। इसलिए हम बढ़े हुए मनोबल के साथ मैदान पर उतरेंगे और प्रयास करेंगे कि पिछली गलतियों को न दोहरायें।

# एशेज के लिए सपाट पिच बनाने से इंग्लैंड को ही होगा नुकसान: गेलेस्पी



**सिडनी (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने अगले माह जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एशेज सीरीज के लिए सपाट पिच मांगी हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जेसन गेलेस्पी का मानना है कि इससे इंग्लैंड को ही नुकसान होगा। दोनो ही टीमों के बीच एशेज सीरीज का पहला मुकाबला 16 जून को एजबेस्टन में खेला जायेगा और अंतिम मुकाबला ओवल में 27 जुलाई से शुरू होगा। इंग्लैंड टीम के एशेज सीरीज के लिए सपाट पिच बनाने की मांग पर गेलेस्पी ने कहा कि इससे हमें ही लाभ होगा क्योंकि इस प्रकार की सतह पर हमारी टीम अधिक बेहतर खेलती है।

माना जा रहा है कि इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने ही सपाट पिच बनाने की मांग की थी, जिससे वह अधिक तेजी से रन बना सकें। इसके अलावा ये भी कहा जा रहा है कि इंग्लैंड सीमा रेखा को भी छोटी कर चाहता है जिससे ज्यादा चौके-छक्के लग सकें।

गेलेस्पी ने कहा हमने सुना है कि इंग्लैंड बल्लेबाजी वाली पिचें चाहता है जिससे वो आक्रामक खेल सकें पर मुझे लगता है कि उनकी इस रणनीति से हमें ही अधिक लाभ होगा। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज इस तरह की पिचों पर गेंदबाजी करने में ज्यादा कुशल हैं। जोश हेजलवुड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की लंबाई ज्यादा है और इंग्लैंड के गेंदबाजों के मुकाबले वह इस प्रकार की पिच पर अधिक बेहतर गेंदबाजी कर सकते हैं।

# भारत के अर्जुन ने शारजाह मास्टर्स शतरंज खिताब जीता

शारजाह (ईएमएस)। भारत के अर्जुन एरिगासी ने शारजाह मास्टर्स शतरंज खिताब जीता है। अर्जुन अंतिम दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याक़ूबबोएव को हराने के साथ ही सबसे अधिक 6.5 अंक हासिल कर शीर्ष पर पहुंचे। इस जीत के साथ ही अर्जुन की रेटिंग फिर से 2700 अंकों के पार पहुंच गयी है। वह नौवे दौर में जीत हासिल करने वाले अकेले खिलाड़ी रहे। वहीं भारत के ही डी गुकेश ने भी अच्छा खेल दिखाया पर अंतिम दौर में उनका मुकाबला ईरान के अमीन तबातबाई के खिलाफ बराबरी पर रहा। इससे उन्हें तीसरा स्थान मिला। अमेरिका के सेमुएल सेवियन की बाजी अंतिम दौर में हमवतन ओपरिन ग्रिगोरिय से ड्रॉ रही। ऐसे में वह 6 अंक हासिल कर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर दूसरे स्थान पर रहे जबकि भारत के ही निहाल सरीन 5.5 अंक हासिल कर टाईब्रेक के आधार पर नौवे स्थान पर रहे।

# रायडू ने आईपीएल से संन्यास की घोषणा की

अहमदाबाद। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज अंबाती रायडू ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा कर दी है। रायडू ने कहा, 2 महान टीमें एमआई और सीएसक से मैंने खेला है, इसमें 204 मैच, 14 सत्र, 11 प्लेऑफ, 8 फाइनल, 5 ट्रॉफी मिली हैं।आप सभी का धन्यवाद। नो यू टर्न। रायडू ने साल 2010 में मुंबई इंडियंस की ओर से आईपीएल की शुरुआत में 2017 सत्र तक तीन खिताब जीते। रायुडू को सीएसके ने 2018 सत्र के लिए खरीदा था, जहां उन्होंने 16 पारियों में 43 की औसत से 602 रन बनाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया इससे पहले साल 2022 में भी रायडू ने संन्यास की घोषणा की थी। तब उन्होंने लिखा था, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल होगा। मैंने इसे खेलते हुए और 13 साल तक 2 शानदार टीमों का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा समय बिताया है। शानदार सफर के लिए मुंबई इंडियंस और सीएसके को दिल से धन्यवाद देना चाहूंगा। तब रायडू ने कुछ समय के अंदर ही अपना ये पोस्ट हटा भी लिया था पर इस बार उनका फैसला अंतिम है।



# धोनी को अब संन्यास ले लेना चाहिये : कपिल



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल से अब संन्यास ले लेना चाहिये। माना जा रहा है कि कपिल इस सत्र के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। वहीं प्रशंसक चाहते हैं कि धोनी आगे भी खेलते रहें। इम्पैक्ट प्लेयर नियम आने से उनकी ये उम्मीद और भी बढ़ गयी है और उन्हें लग रहा है कि धोनी इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतर सकते हैं। वहीं कपिल का कहना है कि धोनी को संन्यास ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा, वह 15 साल से आईपीएल खेल रहा है। ऐसा क्यों है कि हम अब भी धोनी के बारे में ही बात कर रहे हैं? उसने अपना काम कर दिया है। हम इससे ज्यादा उनसे क्या चाहते हैं? हम चाहते हैं कि वह पूरी जिंदगी भर खेले? ऐसा नहीं होने वाला है। इसकी जगह हमें धोनी का आभारी होना चाहिए कि वह 15 साल खेले हैं। उन्होंने आगे कहा, वह अगले साल खेलते हैं या नहीं पर उन्होंने जानें से पहले अपना प्रभावशाली खेल दिखाया है। भले ही उन्होंने इस सत्र में ज्यादा रन नहीं बनाये पर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया है। जिससे पता चलता है कि क्रिकेट में एक कप्तान का कितना महत्व होता है।

# अभ्यास मैच नहीं खेलने के सवाल पर बोले कैरी, हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने को लेकर उठ रहे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस बारे में बाद में बात की जा सकती है। कैरी ने साथ ही कहा है कि उन्हें अपनी टीम की तैयारियों पर भरोसा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ सात जून से ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगी पर इससे पहले कोई अभ्यास मैच नहीं रखे जाने से दिग्गज खिलाड़ियों ने नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि इसी कारण टीम को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में नुकसान हुआ था।

कैरी ने कहा, ''सभी खिलाड़ियों की हाल के दिनों में व्यक्तिगत प्रतिबद्धताएं थी। हमारे कुछ खिलाड़ी यहां इंग्लैंड में क्रिकेट खेल रहे थे। कुछ खिलाड़ी आईपीएल में व्यस्त थे तथा कुछ खिलाड़ी अपने परिवार के साथ समय बिता रहे थे। उन्होंने कहा,'' अब हम यहां एक साथ मिलकर टेस्ट चैंपियनशिप में खेलने को लेकर उत्साहित हैं तथा मुझे लगता है कि अभ्यास मुकाबला खेलना चाहिये या नहीं इस बारे में हम बाद में बात कर सकते हैं।

कैरी ने कहा,'' एक खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि हम पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं इसलिए मुझे लगता है अभ्यास मैच नहीं खेलना उन चीजों में से एक होगा जिन पर टेस्ट मैच के बाद बात की जा सकती है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को भारत के खिलाफ श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा पर पर उसने एक मैच जीता था।

उन्होंने कहा,'' हमने उस दौरे से काफी कुछ सीखा तथा पहले दो मैच हारने के बाद हमने इंदौर में जीत दर्ज की और फिर अंतिम टेस्ट मैच ड्रॉ कराया। इससे हमारे इरादों का पता चलता है। इसलिए हम बढ़े हुए मनोबल के साथ मैदान पर उतरेंगे और प्रयास करेंगे कि पिछली गलतियों को न दोहरायें।



# भारत की अंडर-14 टीम ने रोलर स्केट बास्केटबॉल में जीता स्वर्ण

ग्रेटर नोएडा। भारत की अंडर-14 टीम ने रोलर स्केट बास्केटबॉल में स्वर्ण पदक जीता है। इस चैंपियनशिप का आयोजन वर्ल्ड रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन और नेपाल रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन ने किया था। भारत की टीम ने नेपाल को 11-3 से हराकर जीत दर्ज की। इस टीम में यहां के दो खिलाड़ी भी शामिल थे। ग्रेटर नोएडा में रहने वाले दो बच्चों रिषिश सिंह और पुलकित परासर ने नेपाल की टीम को हराकर पदक जीता है। गत 19 से 21 मई तक नेपाल के काठमांडू में ट्राई सीरीज इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023 हुई थी। इस टूर्नामेंट में भारत ने स्वर्ण पदक जीते है। यह मैच अंडर 14 टूर्नामेंट था जिसमें रिषिश ने दो पॉइंट लिए थे। वहीं, पुलकित ने अपनी जीत का सारा श्रेय अपने माता पिता को देते हैं। वहीं अंडर 14 टीम इंडिया के कोच आकाश रावल बताते हैं कि इस चैंपियनशिप का आयोजन वर्ल्ड रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन और नेपाल रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन ने किया था। भारत की टीम ने नेपाल को 11-3 से हरा दिया था। इस टीम में उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र के भी खिलाड़ी शामिल थे।

# नीरज, छेत्री सहित दिग्गज खिलाड़ियों ने पहलवानों के साथ किये क्रूर व्यवहार की कड़ी आलोचना की

## -तस्वीर से छेड़छाड़ करने वालों पर बरसी साक्षी, शर्मनाक बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलवानों के धरने को समाप्त के लिए जिस प्रकार दिल्ली पुलिस ने बर्बरता की है उसकी ओलंपिक स्वर्ण विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवाल जब रविवार का नये संसद भवन की ओर बढ़ने लगे तो पलिस ने उन्हें मारपीट कर हिरासत में ले लिया। इस दौरान दिल्ली पुलिस के क्रूर रवैये से लोग सकते में है। इसके बाद जंतर-मंतर पर खिलाड़ियों की ओर से लगाए गए टेंट को भी पुलिस ने उखाड़ दिया। वहीं इस मामले में सबसे शर्मनाक हरकत ये रही कि सोशल मीडिया पर हिरासत के दौरान महिला पहलवानों की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उन्हें हंसते हुए दिखाया गया। इस पर ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उनमें जरा भी शर्म और इंसानियत नहीं है। भगवान ऐसे लोगों को कैसे बनाता है? परेशान लड़कियों के चेहरों के साथ कैसे छेड़खानी की जा सकती है। मुझे नहीं लगता कि उनके पास भी दिल होता है।

# दीक्षा को बेल्जियन ओपन में छठा स्थान

एंटवर्प। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर बेल्जियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहीं हैं। दीक्षा ने यूरोपीय टूर पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दीक्षा ने 18वें होल में बोगी के बाद भी अंतिम दौर में पार का स्कोर किया। वहीं जर्मनी की पैट्रीशिया इसाबेल शिमिट को अंतिम दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त के साथ ही खिताब मिला है। इस सत्र की कमजोर शुरुआत करने वाली दीक्षा ने अपनी पिछली चारों प्रतियोगिताओं में कट हासिल करते हुए अपने प्रदर्शन को बेहतर किया है। इस दौरान कट हासिल करने वाली एक अन्य भारतीय अमनदीप द्राल ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त 24वां स्थान हासिल किया।

# जूनियर एशिया कप हॉकी : थाईलैंड को हराकर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची

सलालाह। भारतीय टीम ने थाईलैंड को 17-0 से हराकर जूनियर पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम ने पूल ए के अपने अंतिम मैच में थाईलैंड पर बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने अब तक इस टूर्नामेंट में चीनी ताइपे, जापान और थाईलैंड को हराया। वहीं पाकिस्तान से उसका मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। थाईलैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने शुरू से आक्रामक रुख अपना। भारत की ओर से अंगद बीर सिंह ने चार गोल 13वें, 33वें, 47वें और 55वें मिनट में किए। अंगद के अलावा भारत की ओर से योगम्बर रावत 17वें, कप्तान उत्तम सिंह 24वें, 31वें, अमनदीप लाकड़ा 26वें, 29वें, अरिजीत सिंह हुंदल 36वें, विष्णुकांत सिंह 38वें, बॉबी सिंह धामी 45वें, शारदा नंद तिवारी 46वें, अमनदीप 47वें, रोहित 49वें, सुनीत लाकड़ा 54वें और राजिंदर सिंह 56वें ने भी गोल दागे। भारतीय टीम अंतिम क्वार्टर शुरू होने से पहले 10-0 से आगे थी। भारतीय टीम का सेमीफाइनल में किससे मुकाबला होगा ये पूल बी की टीमों मलेशिया और ओमान तथा पूल ए में पाकिस्तान और जापान के बीच होने वाले मैच के बाद ही पता चलेगा।

# किलियन एम्बाप्पे ने रचा इतिहास, लगातार चौथी बार जीता ये बड़ा अवॉर्ड

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस सेंट जर्मेन के काइलियन एम्बाप्पे ने खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है। किलियन एम्बाप्पे ने लगातार चौथे साल लीग 1 में प्लेयर ऑफ द ईयर के खिताब पर कब्जा किया है। इस खिताब को हासिल करते ही किलियन एम्बाप्पे ने एक रिकॉर्ड भी कायम कर लिया है।


1 प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब लगातार चार बार जीतने वाले किलियन एम्बाप्पे पहले खिलाड़ी बन गए है। किलियन एम्बाप्पे को 2019, 2021 और 2022 के बाद अब 2023 में भी ये खिताब मिला है। लगातार चार सीजन में ये खिताब जीतने वाले वो पहले प्लेयर है। इस खिताब को हासिल कर रिकॉर्ड बनाने के बाद किलियन एम्बाप्पे ने कहा कि मैं हमेशा जीतना चाहता था। इसे जीतना खुशी की बात है। लीग के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना हमेशा से मेरी चाहत थी। हालांकि ये उम्मीद नहीं थी कि ये इतनी जल्दी हासिल होगा।

## पेरिस सेंट जर्मन के खिलाड़ी ने 7वीं बार किया कब्जा

बता दें कि ये प्रतिष्ठित अवॉर्ड बीते सात बार से लगातार पेरिस सेंट जर्मन के खिलाड़ियों को ही मिल रहा है। किलियन एम्बाप्पे से पहले ये खिताब ज्लाटन इब्राहिमोविक (2016), एडिन्सन कैवानी (2017), नेमार जूनियर (2018) को मिल चुका है। यानी साफ है कि इन सभी खिलाड़ियों के नक्शे कदम पर ही किलियन एम्बाप्पे भी चल रहे है। किलियन एम्बाप्पे ने धमाकेदार प्रदर्शन किया था। वर्ष 2023 में इस अवॉर्ड के लिए पीएसजी के चार खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया गया था जिसमें कीलियन एम्बाप्पे, अचरफ हकीमी, लियोनेल मेस्सी और नूनो मेंडेस का नाम शामिल था। इन सभी को लीग 1 टीम ऑफ द ईयर में नोमिनेशन मिला था।

## मेसी को पहली बार मिला नॉमिनेशन

बता दें कि इस बार अर्जेंटीना को विश्व कप जिताने वाले लियोनेल मेसी को भी पहली बार सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग इलेवन में नॉमिनेशन मिला था। बता दें कि इस बार नूनो मेंडेस ने लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ लेफ्ट बैक का खिताब अपने नाम किया है।



# अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल : होंडुरास को हराने के बाद भी फ्रांसीसी टीम बाहर हुई

ब्यूनस आयर्स। फ्रांस की टीम अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता से बाहर हो गयी है। फ्रांस की टीम ग्रुप एफ के अपने शुरुआती दोनो ही मैच हार गयी थी, इस कारण अंतिम मैच में होंडुरास के खिलाफ 3-1 से जीत के बाद भी उसे कोई लाभ नहीं हुआ और वह नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पायी और प्रतियोगिता से बाहर हो गयी है। इससे ग्रुप एफ से जांबिया और दक्षिण कोरिया की टीमें आगे निकल गयीं है। फ्रांस को अंतिम मैच में सर्वश्रेष्ठ तीन टीमों में जगह बनाने के लिए एक और गोल की जरुर थी जो वह कर नहीं पायी। अगर वह गोल कर पाती तो बेहतर गोल अंतर के कारण अंतिम 16 में पहुंच जाती जबकि ट्यूनीशियाई टीम बाहर हो जाती।

# विद्युत के साथ कोल्ड वॉर की खबरों को पूजा ने किया खारिज



सिनेमाई पर्दे पर जबर्दस्त एक्शन करने के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी फिल्म आईबी71 को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। अभिनेता की फिल्म दर्शकों का मन लुभाने में नाकाम रही है। लेकिन फिर भी किसी न किसी कारण से विद्युत का नाम लाइमलाइट में बना रहता है। आज अभिनेता के सुर्खियों में आने की वजह साल 2013 में रिलीज हुई उनकी फिल्म कमांडो से जुड़ी है। दरअसल, फिल्म में अभिनेता के साथ काम करने वाली अभिनेत्री पूजा चोपड़ा और उनके बीच कोल्ड वॉर के बारे में पहले भी कई बार खबरें आ चुकी हैं। लेकिन हाल ही में पूजा चोपड़ा ने बॉलीवुड में अपने सफर और विद्युत जामवाल संग अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में, पूजा चोपड़ा ने अपने करियर को लेकर कई खुलासे किए। अभिनेत्री ने कहा कि वह शुरू में अक्षय कुमार के साथ नीरज पांडे निर्देशित बेबी करने वाली थीं, लेकिन बाद में एक एक्सीडेंट हो गया था और इसलिए वह भूमिका तापसी पन्नू को ऑफर कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि वह इसके लिए काफी उत्साहित थीं, लेकिन उन्हें आठ महीने तक बेड रेस्ट की सलाह दी गई थी। इसके बाद पूजा चोपड़ा ने अपनी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म कमांडो के बारे में बात की। साल 2013 में आई यह एक्शन फिल्म पूजा की पहली फिल्म थी और इस फिल्म में उनका अभिनय सबको बेहद पसंद आया था। पूजा चोपड़ा ने कमांडो ने ऑडिशन के दिनों को याद कर खुलासा किया कि फिल्म निर्माताओं ने इसके लिए 15 लड़कियों से मुलाकात की थी और फिर तीन को शॉर्टलिस्ट किया था। आखिरकार उन तीन लड़कियों में से फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए मुझे चुना गया था। पूजा चोपड़ा ने इस इंटरव्यू में कमांडो के सह-कलाकार विद्युत जामवाल के साथ अनबन की अफवाहों का भी खंडन किया। अभिनेत्री ने कहा कि, ऐसी कोई बात नहीं है कि वह उनके बारे में बात करने से बचते हैं या वे साथ नहीं दिखते। हालांकि, पूजा ने स्वीकार किया कि उन्होंने और विद्युत ने सेट पर बहुत कम बातचीत हुई थी। हमारे बीच कभी भी उस तरह की बातचीत नहीं रही, तो अनबन की तो बात ही अलग है।

# एक्टिंग को अलविदा कह सकते है रजनीकांत!



रजनीकांत हिंदी सिनेमा के दिग्गज सितारे हैं। वह अपनी एक से बढ़कर एक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने साउथ के अलावा हिंदी में भी बेहतरीन फिल्में करके अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। उनके फैंस देश ही नहीं विदेशों तक भी अभिनेता को खूब पसंद करते हैं। अब रजनीकांत को लेकर दो खबरें सामने आ रही हैं, जिनमें से एक अच्छी है तो वहीं दूसरी बुरी। पहली खबर यह है कि वह लोकेश कनगराज के साथ एक फिल्म करने जा रहे हैं। वहीं बुरी खबर यह है कि ये फिल्म रजनीकांत के करियर की अंतिम फिल्म हो सकती है। कहा जा रहा है कि इसके बाद रजनीकांत रिटायरमेंट ले सकते हैं। रजनीकांत साउथ के ऐसे सुपरस्टार हैं जिनकी दीवानगी देखते ही बनती है। उनके फैन्स उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनके लुक, स्टाइल और एक्टिंग को देखकर तो सिनेमाघरों में जमकर तालियां बजाते हैं और अपने चहेते सितारे के साथ जुड़े हर इमोशन का भरपूर लुत्फ उठाते हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि लोकेश कनगराज के साथ अभिनेता की यह अंतिम फिल्म होने वाली है। हालांकि अभी तक इस बात की कोई पुख्ता जानकारी नहीं आई है। बता दें कि हाल ही में तमिल के जाने-माने फिल्ममेकर मिस्किन ने यह चौंकाने वाली जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि रजनीकांत अपनी 171वीं फिल्म के लिए विक्रम फिल्म के डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नजर आएंगे। पिछले दिनों खबर भी आई थी कि रजनीकांत और लोकेश की मुलाकात हुई है। यह एक फिल्म को लेकर ही थी। ऐसे में थलैवर 171 को लोकेश डायरेक्ट कर सकते हैं। लोकेश कनगराज ने अपना सिनेमैटिक यूनिवर्स शुरू कर दिया है।रिपोर्ट्स के अनुसार थलैवर 171 के लिए रजनीकांत का फोटोशूट हो चुका है। लोकेश कनगराज ने फिल्म को लॉन्च करने के लिए टेस्ट शूट भी कर लिया है और बहुत जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस करेगा और यह उनके प्रोडक्शन की सबसे महंगी फिल्म होगी। वहीं रजनीकांत के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो रजनीकांत की 169वीं फिल्म का नाम जेलर है। इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। जेलर 10 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# डॉन 3 में शाहरुख को रणवीर सिंह ने किया रिप्लेस!

डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। बीते दिन निर्माता रितेश सिधवानी ने पुष्टि की थी कि फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। वहीं, अब इसके लीड एक्टर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। कुछ समय से यह कयास लगाया जा रहा है कि इस मूवी में शाहरुख खान नहीं नजर आएंगे। तो डॉन 3 में कौन सा एक्टर एसआरके को रिप्लेस करने जा रहा है, आइए इसकी रिपोर्ट पर गौर फरमा लेते हैं।

### डॉन 3 की स्क्रिप्ट पर काम जारी

रितेश सिधवानी ने बीते दिन यह खुलासा किया था कि इसकी स्क्रिप्ट अभी प्रक्रिया में है, और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद शाहरुख खान के फ्रेंचाइजी से बाहर होने की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया और सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। वहीं, लेटेस्ट रिपोर्ट में उस एक्टर का नाम सामने आया है, जिसके जरिए किंग खान को रिप्लेस किए जाने की संभावना है।

### रणवीर सिंह ने शाहरुख को किया रिप्लेस?

एक मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, डॉन के मेकर्स ने तीसरी किस्त के लिए रणवीर सिंह को फाइनल कर लिया है। वहीं, रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कास्टिंग में बदलाव की जानकारी शाहरुख खान को पहले ही दी जा चुकी थी। हालांकि, यह महज एक रिपोर्ट है और अभी भी इस पर ऑफिशियल मुहर लगना बाकी है।

### रणवीर सिंह पर टिकीं सबकी निगाहें

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख के जाने के बाद, डॉन 3 के निर्माता एक लोकप्रिय और विश्वसनीय नाम की तलाश कर रहे थे, जो डॉन की विरासत को आगे ले जा सके, और उन्होंने आखिरकार रणवीर को चुना है। यह सहयोग अतीत में सफल रहा है, इसलिए इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा यदि सहयोग एक और रनवे हिट देता है। डॉन 3 की घोषणा के बारे में और डिटेल में जाते हुए रिपोर्ट का दावा है, दर्शक सांस रोककर घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। वास्तव में, रणवीर का वीडियो पहले ही शूट किया जा चुका है और प्रोडक्शन हाउस बिना किसी देरी के इसे जारी करने की योजना बना रहा है।

# नए कलाकार के लिए इंडस्ट्री में जगह बनाना आसान नहीं

अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने बॉलीवुड में चल रहे नेपोटिज्म के बारे में बात करते हुए कहा कि अब उभरते हुए नए कलाकारों के लिए इंडस्ट्री में पैर जमाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। अभिनेत्री ने कहा कि यहां बहुत मुश्किल, क्योंकि यह एक ग्लैमर की दुनिया है। हर कोई इसे देखता है, हर कोई अपनी छवि बनाता है। हम सभी ने इसका सामना किया। यहां तक कि मैंने भी इसका सामना किया। मुझे लगता है कि आखिरकार वही होता है, जो सच में रहता है। दिव्या दत्ता ने कहा कि कई बार एक छोटी सी फिल्म भी बिना मार्केटिंग के चल जाती है और एक छोटा अभिनेता भी अपनी जगह बना लेता है। जब मैं इंडस्ट्री में आई तो हर कोई मुझे एक अच्छी एक्ट्रेस कहते थे और अब वे कहते हैं कि मैं एक स्टार एक्ट्रेस हूं। ये चीजें अपने आप हो गईं, लेकिन मुझे वास्तव में जो लगता है, वह यह है कि लोगों का प्यार बहुत अच्छी कमाई है। स्टारडम आता है और चला जाता है, लेकिन मेरे लिए क्या मायने रखता है, जब दर्शक कहते हैं कि आप हमारी हो, हमारी जैसी दिखती हो और मुझे वास्तव में यह पसंद है। इंडस्ट्री में चल रहे भाई-भतीजावाद पर बात करते हुए दिव्या दत्ता ने कहा कि जब दर्शक मुझ पर भरोसा करते हैं कि मैं अच्छी फिल्में ही करूंगी तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मुझे लगता है कि हर कोई भाई-भतीजावाद का सामना करता है और यहां तक कि चीजें भी उनके लिए आसान नहीं होती हैं। अभिनेत्री ने अपनी आने वाली परियोजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उनके पास तीन वेब शोज और चार फीचर हैं, जिनके लिए वह एक बच्चे की तरह बहुत उत्साहित हैं और खुश हैं। ताहिरा कश्यप के निर्देशन में बनने वाली शर्माजी की बेटी में वह जल्द नजर आएंगी। उनके पास नजर अंदाज नामक एक फीचर है और दिबाकर बनर्जी के साथ एक फिल्म है। अनुभव सिन्हा के साथ भी एक फिल्म है। वह अनुराग कश्यप और सुनील शेट्टी के साथ काम करने जा रही हैं, जहां वह एक पुलिस वाली का किरदार निभा रही हैं। इसके साथ ही उनके पास दो इंटरनेशनल इंग्लिश फिल्म भी हैं।





# दिशा और राहुल के घर आने वाला है नन्हा मेहमान

मनोरंजन जगत से कई कपल इन दिनों फैंस के साथ खुशखबरी शेयर कर रहे हैं। दीपिका कक्कड़, आशका गोराडिया और ईशिता दत्ता के घर जल्द ही किलकारियां गूंजने वाली हैं। और अब टीवी शो बड़े अच्छे लगते हैं 2 फेम दिशा परमार ने भी अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की है। दिशा परमार और सिंगर राहुल वैद्य जल्द अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। दिशा परमार और राहुल वैद्य ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए यह खुशखबरी फैंस के साथ साझा की है। इस तस्वीर में कपल ब्लैक ड्रेस में ट्विनिंग करते नजर आ रहे हैं। दिशा ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। वहीं, राहुल एक स्लेट लिए हुए हैं, जिस पर मम्मी एंड डैडी लिखा है। वहीं दूसरी तस्वीर में कपल ने सोनोग्राफी की झलक भी शेयर की है। कपल ने सोनोग्राफी का एक वीडियो भी शेयर किया है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा, मम्मी डैडी-टू-बी एंड द बेबी की ओर से हैलो। बता दें कि राहुल वैद्य ने दिशा परमार को बिग बॉस 14 में शादी के लिए प्रपोज किया था। इसके कुछ दिन बाद जुलाई 2021 में दोनों ने शादी कर ली थी। अब शादी के दो साल बाद यह कपल अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रहा है।



# विजय सेतुपति ने शाहरुख की तारीफों के बांधे पुल

विजय सेतुपति साउथ सिनेमा की दुनिया के बेहतरीन सितारों में से एक हैं। वह अपनी एक से बढ़कर एक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने ओटीटी पर हिंदी में अपना डेब्यू किया है। वह राज और डीके की फर्जी में नजर आए थे। इसमें वह एक पुलिसवाले के किरदार में थे। अब विजय सेतुपति बहुत जल्द हिंदी सिनेमा में बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने शाहरुख खान के साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किए हैं। इस दौरान उनसे पूछा गया कि क्या वह शाहरुख की जवान में विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं, इसपर अभिनेता ने कहा कि हां वह नेगेटिव रोल में दिखेंगे। उन्होंने कहा कि मैं एटली को काफी लंबे समय से जानता हूं, लेकिन कभी उनके साथ काम नहीं किया है। जब उन्होंने मुझे जवान के लिए पूछा तो मैंने तुरंत शाहरुख खान के साथ काम करने के लिए हां कर दी। शाहरुख खान के साथ काम करने के अनुभव पर विजय सेतुपति ने कहा कि वह काफी जमीन से जुड़े हुए, स्वभाव से विनम्र और मददगार हैं। वह मिलनसार हैं और उनमें बिल्कुल भी एटीट्यूड नहीं है। अभिनेता ने कहा कि मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। शाहिद कपूर के साथ फर्जी में काम करने को लेकर अभिनेता ने कहा कि मुझे इसमें मजा आया। मेरे शाहिद कपूर के साथ कम सीन थे, वहीं जाकिर हुसैन के साथ ज्यादा थे, और वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं। विजय ने कहा कि मैंने अपने करियर की शुरूआत में उनके साथ काम किया है और बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि अब मैं मैं हर भाषा में फिल्में करना चाहता हूं।

# सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर बनी फिल्म स्पाई में निखिल सिद्धार्थ



निखिल सिद्धार्थ की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर टाइटल स्पाई के तेलुगु टीजर पर 10 मिलियन हिट बटोरने के बाद, निमार्ताओं ने हिंदी वर्जन भी टीजर जारी कर दिया है। स्पाई टीम ने सोमवार को नई दिल्ली में इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर तेलुगु टीजर जारी किया। फिल्म एक राष्ट्रवादी नेता के रहस्यमय ढंग से लापता होने की कहानी पर आधारित एक जासूसी थ्रिलर है। गैरी बीएच द्वारा निर्देशित, जो स्पाई के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत कर रहे हैं, फिल्म में मकरंद देशपांडे, ईश्वर्या मेनन, सान्या ठाकुर और अभिनव गोमातम भी लीड रोल में हैं। केइको नाकाहारा और जूलियन अमारू एस्ट्राडा, दोनों सिनेमैटोग्राफर, जिन्होंने पहले अजय देवगन की ब्लॉकबस्टर फिल्म तानाजी और कई हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए क्रमशः काम किया था, फिल्म की प्रोडक्शन टीम का हिस्सा हैं। स्पाई 29 जून को सभी दक्षिणी भाषाओं और हिंदी में भी रिलीज होने वाली है।



# ऋचा ने अगली फिल्म का। एलान

हिंदी सिनेमा की दमदार अदाकारा ऋचा चड्ढा अब एक और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म करने जा रही हैं। लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में फिल्म का ऑफिशियल लॉन्च हुआ। ऋचा ने इसके पहले इंडो-फ्रेंच प्रोडक्शन 'मसान' और 'लव सोनिया' को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी नई फिल्म 'आइना' की पृष्ठभूमि लंदन और भारत है। यह इंडो-ब्रिट प्रोडक्शन ऋचा के प्रभावशाली करियर में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसमें वह ब्रिटिश अभिनेता विलियम मोस्ले के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं। 'आइना' को फिल्म के निर्माताओं द्वारा प्रतिष्ठित हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया। जहां सांसद आर टी होन स्टुअर्ट एंड्रयू ने फिल्म के मुख्य कलाकारों, निर्देशक और निर्माताओं के साथ फिल्म की घोषणा की। वह सांसद होने के साथ साथ संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग में भी अहम पद रखते हैं। फिल्म 'आइना के निर्देशक मार्कस मीड्ट हैं और यह फिल्म बड़े पैमाने पर मानव और समाज पर युद्ध के कारण होने वाली हिंसा के प्रभाव के बारे में एक सामाजिक ड्रामा है। इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, 'मैं दुनिया के एक नए हिस्से में काम करने के लिए उत्साहित हूं, मुझे प्रयोग करना पसंद है। उन्होंने भारत और यूके की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का एक प्रभावशाली दल तैयार किया है। इस तरह के एक महत्वपूर्ण विषय से संबंधित फिल्म को शुरू करने के लिए यह वास्तव में एक सहयोगी प्रयास होने जा रहा है।' फिल्म की शूटिंग के बारे में ऋचा बताती हैं, 'फिलहाल हम लंदन में फिल्म की तैयारी कर रहे हैं और शूटिंग 2 जून से शुरू होने की उम्मीद है। मैंने हमेशा चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिए प्रयास किया है और यह निश्चित रूप से मेरे द्वारा लिए गए सबसे कठिन हिस्सों में से एक है।' इस फिल् में उनके साथ विलियम मोस्ले दिखेंगे जो फिल्म 'द क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया' में एक बाल कलाकार के रूप में काफी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके हैं।

# रणबीर की एनिमल में हुई शक्ति कपूर की एंट्री

रणबीर कपूर इन दिनों अपनी पिछली रिलीज फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कमाई थी। रोमांस और ड्रामा से भरपूर यह फिल्म फैंस को भी बहुत पसंद आई थी। इस फिल्म में रणबीर का साथ देने के लिए श्रद्धा कपूर मौजूद थीं। वहीं नए साल के मौके पर अभिनेता की फिल्म एनिमल का भी पोस्टर रिलीज किया गया था। इस पोस्टर में रणबीर एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे थे। इस फिल्म को लेकर अब एक नया अपडेट सामने आ रहा है। खबर है कि एनिमल में एक नए दिग्गज सितारे की एंट्री हो गई है। एनिमल की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना, बाबी देओल, अनिल कपूर और तृप्ति डिमरी भी नजर आएंगी। अब खबर है कि इस फिल्म में एक और स्टार का नाम जुड़ गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म में शक्ति कपूर अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। एनिमल में वह गैंगस्टर का रोल निभाते दिखेंगे। कहा जा रहा है कि उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इस फिल्म में शक्ति कपूर का किरदार काफी दिलचस्प होने वाला है। एनिमल संदीप वांगा रेड्डी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म है। एनिमल की कहानी गैंगस्टर परिवार की है, जिसमें कि अनिल कपूर पिता के किरदार में हैं और रणबीर कपूर उनके बेटे बने हुए हैं। हालांकि बॉबी देओल के किरदार को लेकर तो ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ पाई है, लेकिन खबरों के अनुसार वह भी नेगेटिव किरदार में नजर आने वाले हैं।

